ISSN 2349-6614
जून, 2018
मूल्य : 25 ₹

# प्रत्यूष

हिन्दी मासिक पत्रिका



## कर्नाटक : मुकद्दर का सिकंदर

### तीसरे नंबर की पार्टी ने छिना एक नंबर की पार्टी से सत्ता का ताज

प्रकाशन की तिथि प्रत्येक माह की 23 तारीख वर्ष 16 अंक 4 Postal Registration No. RJ/UD/29-62/2018-2020 Posting Date : 27th-28th of Every Month RNI No. : RAJHIN/2003/9297 Posting Office : Shastri Circle, Udaipur

# Janardan Rai Nagar Rajasthan Vidyapeeth

## (DEEMED TO BE UNIVERSITY)


Airport Road, Pratap Nagar, Udaipur – 313001 (Rajasthan)

Phone: 0294-2492440, Fax: 0294-2492441Email: admissions@jrnrvu.edu.in


# ADMISSIONS OPEN 2018-19



## "NAAC Accredited 'A' Grade University"

### Faculty of Management Studies (F.M.S.) Ph. 0294-3296232, 2490632

- Master of Business Administration (M.B.A.)
- Master of Business Administration Human Resource Management (M.B.A.- H.R.M.)

### Manikya Lal Verma Shramjeevi College Ph. 0294-2413029, 9460826362
### Faculty of Social Sciences and Humanities

**Post Graduate :**

- M.Phil. – English, Hindi, Sanskrit, Political Science, Sociology, Geography, Economics, History
- M.A. – English, Hindi, Sanskrit, Political Science, Sociology, Geography, Economics, History

**Graduate :**

- Bachelor of Arts (B.A.) in all subjects
- B.J.M.C

**Diploma Courses :**

- PG Diploma in G.I.S. and Remote sensing
- Proficiency in English and Communication Skills
- PG Diploma in Yoga Education

**Certificate Course :** •Spoken English

### Faculty of Commerce, 0294-2413029, Mob. 9413481657

- M.Phil. – Business Administration and Accounting
- M.Com. – A.B.S.T., Business Administration
- Bachelor of Commerce (B.Com.)

**Diploma Courses**

- PG Diploma in insurance and Banking Management
- Marketing and Sales Management
- Taxation •Computer Basics and Accounting

**Certificate Courses:** •Tally ERP 9.0 •Accounting Technicians (CAT) (in collaboration with ICAI)

### Jyotish and Vastu Sansthan, Mo. 9460030605

- M.A. – Jyotirvigyaan
- Certificate – Pooja Paddhati and Karm Kand
- Diploma in Jyotish and Vastu
- Certificate – Bhartiya Jyotish and Hastrekha Vigyaan

### Evening College, Mo. 9414166169, 9829332300, 0294-2426432

- M.A./M.Sc. (Psychology) (Inds./Educational/Clinical) (9460490072)
- M.A. Yoga Education (9829797533)
- M. Music, Vocal & Intrumental •M.Sc. Chemistry
- M.Com. – Accounting / Business administration
- M.A. – English, Hindi, Sanskrit, Political Science, Sociology, Geography, Economics, History, Public Administration, Psychology, Yoga
- B.Ed. Special Education (M.R.) (9414291078)(R.C.I. Approved)
- B.A. (all subjects) & (Psychology, Yoga, Rajasthani, Physical Education, Jyotier Vigyan, Drawing)
- B.Com. •B.Sc. •B.Lib. •M.Lib. •BCA •MCA
- B. Music •Bachelor in Special Education (HI/LD) (B.Ed. Special HI/LD)
- Bachelor in Special Education BI (B.Ed. Special BI) •B.A. (Additional) in all subjects.
- PG Diploma – Guidance and Counseling
- P.G. Diploma – Yoga Education (9352500445)
- Diploma in Special Education (MR, HI and VI) *(to be approved)*
- Certificate in Spiritual Values and Human Values •Diploma in Heart Fulness and Health Management
- Diploma and Certificate in Fine Arts •Certificate– French/German/Spanish Language
- Diploma in Dietetics and Applied Nutrition

### Department of Business Management Studies, Ph. 0294-2413029, 9460022300

- Bachelor of Business Administration – (B.B.A.)
- Master of International Business – (M.I.B)
- Master of NGO Management •P.G. Diploma – Training and Development

### Department of Physical Education, Mo. 9829943205, 9352500445

- Master in Physical Education (M.P.Ed.) •M.A. (Yoga Education)

### Department of LAW, Mo.: 9414343363, 9928246547

- LL.M. (2 Year Degree Course) • LL.B. (3 Year Degree Course)
- B.A. – L.L.B. (5 Year Integrated Course) • P.G. Diploma in Forensic Science (1 Year)
- P.G. Diploma in Labor LAW (1 Year) • P.G. Diploma in Cyber LAW (1 Year )

### Faculty of Computer Science and Information Technology
(Ph. 0294-2494227, 2494217, Mo.: 9887285752)

- M.Phil. (Computer Science)
- M.C.A. Lateral Entry in II Year
- B.C.A. (Bachelor of Computer Application)
- B.Sc. (Computer Science)
- M.C.A. (Master of Computer Application)
- P.G.D.C.A
- M.Sc. (Computer Science)

### Faculty of Engineering and Technology, Mo. 9829009878, Ph.: 0294-2490210

- B.Tech. - Civil, Electrical, Mechanical, Electronics and Communication, Computer Science Engineering
- Diploma – Civil, Electrical, Mechanical, Electronics and Communication, Computer Science Engineering

### Institute of Rajasthan Studies (Sahitya Sansthan) Ph.: 0294-2491054

- M.A. – Ancient History of India, Culture and Archeology
- P.G. Diploma in Archeology

### Udaipur School of Social Work, Ph.: 0294-2491809

- Master of Social Works (MSW)
- Master of Social Works (Executive)
- P.G. Diploma in N.G.O. Management
- P.G. Diploma in H.R.M.
- P.G. Diploma in Rural Development
- Certificate Course in Road Safety

### Directorate of Janshikshan and Extension Programme Mob. 94 14 737125

- **Department of Agricultural Sciences – 98872 71976**
  -B.Sc. Agriculture Honors
- **Department of Rural Technology and Management – 98872 71976**
  - B.Sc. Rural Technology and Management
- **Department of Women Studies - 0294-2490234**
  -Diploma in Computer Application (D.C.A.)
  -P.G. Diploma in Gender Studies and Technology
- **Maharana Kumbha Sangeet Kala Kendra – 94602 54432**
  -Sangeet Bhushan – One Year Course
  -Sangeet Prabhakar – Two Years Course
- Mangalmurty Indira Gandhi Janta College • Department of Lok Shikshan
- Department of Community Centres • Department of Janpad

### Faculty of Education
Lok Manya Tilak Teachers' Training College, Dabok (Ph.: 0294-2655327, 2657753)

- M.Phil. •M.Ed. •M.A. (Education) •B.Ed. •B.A. – B.Ed. (Integrated)
- B.Sc. – B.Ed. (Integrated) •B.Ed. (Child Development) •D.El.Ed.
- M.P.Ed. •B.Ed. – M.Ed. (Integrated)

### Manikya Lal Verma Shramjeevi Girls College, Dabok, (Ph. 0294-2655223, Mo. 9460856658)

- B.A. •B.Com. •M.A. •M.Com.

### Faculty of Medicine
Rajasthan Vidyapeeth Homeopathic Medical College and Hospital, Dabok, Ph.: 0294-2655974-5 Mo.: 9414156701, 9351343740

- Bachelor of Homeopathic Medicine and Surgery (B.H.M.S.)

### Department of Physiotherapy Ph.: 0294-2656271, Mo.: 9414234293

- Master of Physiotherapy •Bachelor of Physiotherapy
- Post Graduate Fellowship in Geriatric Rehabilitation

### Vocational Education

- Bachelor of Vocation (B.Voc.) in Hospitality & Catering Management

**For more information visit University website www.jrnrvu.edu.in**

**Registrar**

SHIVA © 98282-44344

जून
2018
वर्ष 16, अंक 4

# प्रत्यूष

मूल्य 25 ₹
वार्षिक 300 ₹



'प्रत्यूष' के प्रेरणा स्रोत मात श्रीमती प्रमिला देवी शर्मा एवं तात श्री आनन्दी लाल जी शर्मा
प्रत्यूष परिवार का शत्-शत् नमन चरणों में पुष्प समर्पण

प्रधान सम्पादक विष्णु शर्मा हितैषी

सम्पादक रेणु शर्मा

प्रबन्ध सम्पादक नीरज शर्मा, डॉ. वीणा शर्मा

विपणन प्रबन्धक नितेश कुमार, नन्द किशोर
मदन, भूमिका, उषा
चन्द्रप्रभा, संगीता

टाइप सेटिंग जगदीश सालवी

Supreme Designs
कम्प्यूटर ग्राफिक्स विकास सुहालका

मुद्रक पायोराइट प्रिन्ट मीडिया प्रा. लि.
गुलाब बाग रोड, उदयपुर (राज.) फोन : 2418482, 2410659

सलाहकार मण्डल
गोपाल शर्मा (गोपजी), वैभव गहलोत
पवन खेड़ा, नीरज डांगी, कुलदीप इन्दौरा
कृष्ण कुमार हरितवाल, धीरज गुर्जर, अभय जैन
गजेन्द्र सिंह शक्तावत, लाल सिंह झाला
ओम शर्मा, अजय गुर्जर, आदित्य नाग
हेमन्त भागवानी, डॉ. राव कल्याण सिंह
अशोक तम्बोली, सुन्दरदेवी सालवी

छायाकार :
कमल कुमावत, जितेन्द्र कुमावत,
ललित कुमावत

चीफ रिपोर्टर : उमेश शर्मा

जिला संवाददाता
बांसवाड़ा - अनुराग चेलावत
चित्तौड़गढ़ - संदीप शर्मा
नाथद्वारा - लोकेश दवे
डूंगरपुर - सारिका राज
राजसमंद - कोमल पालीवाल
जयपुर - राव संजय सिंह
मोहसिन खान

प्रत्यूष में प्रकाशित सामग्री में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं, इनसे संस्थापक-प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

सर्व विवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर होगा।



प्रत्यूष
हिन्दी मासिक पत्रिका
प्रकाशक - संस्थापक :
Pankaj Kumar Sharrma
''रक्षाबंधन'', धानमण्डी, उदयपुर-313 001


## अन्दर के पृष्ठों पर...

06 कलंक कथा



'आशा बचा पाई न राम'


10 सेहत




खतरनाक है गर्म हवा का झोका

16 ध्यान योग

कम समय में अधिकतम ऊर्जा का स्त्रोत : योग



32 धरोहर



रहस्यमय किले

40 गृह-शोभा



पौधे जो बनाएं घर को 'जन्नत'

कार्यालय पता : 'रक्षाबन्धन' धानमण्डी, उदयपुर (राज)
दूरभाष : 0294-2427616, 2414933, 2413477, 2100408-09, फेक्स : 0294-2525499
मोबाइल : 94141-57703(विज्ञापन), वाट्सएप 75979-11992(समाचार-आलेख), 98290-42499(वाट्सएप), 94141-66737
visit us at : www.pratyushpatrika.com, E-mail : pankajkumarsharrma@pratyushpatrika.com
pankajkumarsharma2013@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, संस्थापक, स्वामी पंकज शर्मा की ओर से मुद्रक आशीष बापना द्वारा मैसर्स पायोराइट प्रिन्ट मीडिया प्रा. लि. गुलाब बाग रोड, उदयपुर से मुद्रित तथा 'रक्षाबन्धन' धानमण्डी, उदयपुर से प्रकाशित।

THE
# SUCCESS GROUP OF INSTITUTIONS

"SUCCESS CAMPUS" Rudraksh Complex, University Road, Udaipur

| | | |
|---|---|---|
| SCHOOL'S | MIRANDA SR. SEC. SCHOOL | Hiran Magri Sec.5 Udaipur (Rajasthan) Ph: 0294-2464056,9414546333 |
| | THE PRAYAS PUBLIC SCHOOL | Tekri Udaipur (Rajasthan) Mob: 9462514121 |
| | SWAMI VIVEKANAND Sr. Sec. School | Mali Colony, New Anand Vihar, Udaipur (Rajasthan), Mob: 9462514102 |
| | ROYAL ACADEMY Secondary School | Opp North Sunderwas, Pratap Nagar, Udaipur, Mob: 9116091101 |
| COACHING | THE SUCCESS POINT | "SUCCESS CAMPUS" University Road, Udaipur (Rajasthan) Ph: 0294-2470087-88 |
| COLLEGE | THE SUCCESS COLLEGE | "SUCCESS CAMPUS" University Road, Udaipur (Rajasthan) Ph: 0294-2470087-88 |
| VOCATIONAL | THE SUCCESS POINT Institue Of Vocational Studies | "SUCCESS CAMPUS" University Road, Udaipur (Rajasthan) Ph: 0294-2470087-88 |



# सवालों के घेरे में राज्यपाल



कर्नाटक में बहुमत साबित करने के नाटकीय घटनाक्रम में भाजपा की हार के बाद सूबे में कांग्रेस-जेडी(एस) गठबंधन की सरकार बन गई है। हारी हुई बाजी को जीत में बदलने की छवि रखने वाली भाजपा की हार और उसे सत्ता से दूर रखने के लिए कांग्रेस की जेडी(एस) के साथ गठबंधन की रणनीति का राष्ट्रीय राजनीति पर भी गहरा असर पड़ने वाला है। कर्नाटक के घटनाक्रम ने जहां राष्ट्रीय फलक पर राजनीति में नई सरगर्मी ला दी है, वहीं राज्यों में राज्यपाल की भूमिका को लेकर भी बहस की भावभूमि तैयार कर दी है। इस पूरे प्रकरण में सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय लोकतंत्र के नाम और उसकी आड़ लेकर जो अनैतिक परिपाटियां चलन में आ चुकी हैं, उन्हें नियंत्रित करने का एक माध्यम ही नहीं, नज़ीर भी बनेगा। कर्नाटक का घटनाक्रम निश्चित रूप से उस बहस को भी दिशा देगा, जिसमें सरकार बनाने को लेकर आमंत्रण के सवाल पर राज्यपालों का विवेक प्राय: सवालों के घेरे में रहा है।

कर्नाटक के उम्रदराज राज्यपाल वजूभाई वाला आरएसएस संस्कारित गुजरात भाजपा के वरिष्ठ नेता तो रहे ही, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निकटवर्ती एवं विश्वसनीय भी रहे हैं। कर्नाटक के राजभवन में इनके पुनर्वास का संभवत: यही एक पैमाना रहा। ऐसी स्थिति में उनसे पार्टी की विचारधारा से उबर कर लोकतांत्रिक मूल्यों की हिफाज़त की अपेक्षा की भी कैसे जा सकती थी? यदि राज्यपालों को संवैधानिक दायित्वों से परे इस तरह की दृष्टि और सोच के साथ ही राजभवनों में बैठना है तो वह उचित नहीं होगा। वजूभाई वाला के अलोकतांत्रिक निर्णय की देशभर में आलोचना हो रही है। समय आ गया है कि राज्यों में राष्ट्रपति के संवैधानिक प्रतिनिधि के रूप में राज्यपालों की प्रासंगिकता और भूमिका पर न सिर्फ निर्वाचित सदनों में बल्कि खुली बहस होनी चाहिए। 'राज्यपाल' को दलगत राजनैतिक कृपा की पेंशन के छोटे दायरों में सीमित कर देने की प्रवृत्ति ठीक नहीं है। ऐसे में तो वे अपने 'विवेकाधिकार' को भिन्न-भिन्न दृष्टिकोण से देखते ही रहेंगे और चहेते 'मलाई' की बंदरबाट के लिए प्रोत्साहित होते रहेंगे। लोकतंत्र में सरकार गठन के लिए बहुमत आवश्यक है। कर्नाटक चुनाव में भाजपा सबसे बड़े दल के रूप में उभरी लेकिन बहुमत से आठ कदम ही सही, दूर अवश्य थी। राज्यपाल ने न केवल उसे सरकार बनाने के लिए बुलाया बल्कि बहुमत का दावा सिद्ध करने के लिए 15 दिन का समय भी दे दिया। इस तरह उन्होंने दो दलों के संयुक्त बहुमत वाले सदस्यों को खरीद-फरोख्त की 'मंडी' में खड़ा कर लोकतांत्रिक मूल्यों और मर्यादाओं की खिल्ली उड़ाने का भी अक्षम्य अपराध किया। राज्यपाल के निर्णय को यदि इस तर्क के साथ वाज़िब भी ठहराया जाय कि दो दलों के संयुक्त गठबंधन से पहले सबसे अधिक सदस्यों वाले दल को न्यौता देकर उन्होंने कुछ गलत नहीं किया। लेकिन यह तर्क राज्यपाल के पास पहुंची कांग्रेस-जेडी(एस) के सदस्यों की सूची ही खारिज कर देती है। जनादेश खण्डित है। अधिकतर मतदाताओं ने भाजपा के पक्ष में वोट दिया है, लेकिन सरकार उस दल की बनी है, जो 222 सदस्यीय सदन में तीसरे नम्बर पर(39 सदस्य) पर और दूसरे नम्बर पर(78)रहा दल उसकी 'बैसाखी' है। भावनात्मक रूप से जनादेश को भले ही भाजपा के पक्ष में कहा जाय, लेकिन देश को चलाने वाला 'संविधान' है, और उसकी नीति, नियम व मर्यादाएं हैं, जिनकी अनदेखी नहीं की जा सकती। संविधान लोकतंत्र की बुनियाद है।

चुनाव परिणाम आने के बाद और राजभवन में सत्ता की दावेदारी के दौरान राज्यपाल की भूमिका की सब ओर आलोचना होना स्वाभाविक है। शीर्ष अदालत ने भी कांग्रेस की याचिका की सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए उनकी भूमिका को 'खराब' कहा। राज्यपाल द्वारा सरकार गठन के कांग्रेस व जनता दल (एस) के बहुमत वाले संयुक्त दावे को ठुकरा कर चुनाव परिणामों के आधार पर सबसे बड़ी पार्टी(104) के रूप में उभरी भारतीय जनता पार्टी विधायक दल के नेता बीएस येड्डियुरप्पा को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि वे पद की गरिमा के विपरीत जाकर हर हाल में भाजपा की सरकार बनना सुनिश्चित करना चाहते थे। उन्होंने ऐसा किया भी किन्तु उनका फैसला गलत होकर अविवेकी साबित हुआ। येड्डियूरप्पा सदन से विश्वास मत प्राप्त करने से पहले ही इस्तीफा देकर सदन से बाहर चले गए। सवाल ये उठता है कि राज्यपाल ने फिर किस आधार पर उनके सिर सत्ता का ताज रखने का फैसला लिया?

कलंक कथा

प्रत्यूष

# 'आशा' बचा पाई न 'राम'

-नंद किशोर शर्मा



आसुमल सिरुमलानी उर्फ आसाराम का जन्म अप्रैल 1941 में मौजूदा पाकिस्तान के सिंध इलाके के बेरानी गांव में हुआ। सिंधी व्यापारी समुदाय से संबंध रखने वाला आसाराम परिवार के साथ 1947 में भारत विभाजन के बाद अहमदाबाद आया। मणिनगर में चौथी क्लास तक पढ़ाई की और पिता की मौत के बाद पढ़ाई छोड़ दी। आसाराम के रूप में आसुमल का असली सफर शुरू हुआ 1972 में, जब उसने अहमदाबाद से लगभग 10 किमी दूर मुटेरा कस्बे में साबरमती नदी के किनारे 'मोक्ष कुटीर' नाम की कुटिया स्थापित की। यहां से उसके आध्यात्मिक प्रोजेक्ट ने गति पकड़ी और ये धीरे-धीरे गुजरात के अन्य शहरों से होता हुआ देश के अलग-अलग राज्यों में फैल गया। साल-दर-साल आसुमल सिरुमलानी 'बाबा, कथा वाचक और संत आसाराम' के रूप में लोकप्रिय होता गया। इसी लोकप्रियता ने उसकी छोटी सी झोंपड़ी को विशाल आश्रम में तब्दील कर दिया।

महज चार दशक में उसने देश और विदेश में करीब 400 आश्रम खोल कर 10000 करोड़ की संपत्ति भी बना ली। नाबालिग से बलात्कार का मामला सामने आने के बाद आसाराम की अर्श पर पहुंची प्रतिष्ठा फर्श पर गिर पड़ी। शुरुआत में उसका प्रभाव गुजरात के ग्रामीण इलाकों से आने वाले गरीब, पिछड़े और आदिवासी समूहों तक उसके 'प्रवचनों, देसी दवाइओं और भजन कीर्तन' की तिकड़ी के जरिये पहुंचने लगा।


बाद में धीरे-धीरे राज्य के शहरी मध्यवर्गीय इलाकों में भी ये बढने लगा। उसकी इस फेहरिस्त में भाजपा और कांग्रेस के प्रभावशाली नेता भी शामिल थे। राजनीतिक शह की वजह से ही कथावाचक आसाराम का साम्राज्य फैलता ही चला गया। जब उसकी कारगुजारियों की तत्कालीन मोदी सरकार को भनक के बाद उसे समर्थन बंद कर दिया गया, तो उसके इस साम्राज्य का भी

## न्याय की वेदी पर खंड-खंड पाखंड

### दागदार दामन वाले बाबा



**गुरमीत राम रहीम :** हरियाणा के सिरसा में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम पर 2009-10 में दो साध्वियों ने दुष्कर्म के 10 साल बाद मुकदमा दर्ज कराया था। 2017 में राम रहीम को 10-10 साल यानी कुल 20 साल की सजा सुनाई गई। इसमें 200 सुनवाई हुई और 62 याचिकाएं लगाई गई। कुल 37 गवाहों के बयान दर्ज किए गए।



**स्वामी परमानंद :** बाबा राम शंकर तिवारी उर्फ स्वामी परमानंद का एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें वह एक महिला के साथ आपत्तिजनक हालत में थे। उन पर संतान प्राप्ति की इच्छा से आने वाली महिलाओं के यौन उत्पीड़न का आरोप लगा। उन्हें यूपी पुलिस ने यौन शोषण के मामले में गिरफ्तार किया था।




**नारायण साईं :** आसाराम का बेटा नारायण साईं यौन शोषण और हत्या के आरोप में अभी सूरत की जेल में बंद है। नारायण के खिलाफ आश्रम की एक युवती ने 6 अक्टूबर 2013 को दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। नारायण साईं ने इस मामले को दबाने के लिए थाना प्रमुख को रिश्वत भी दी थी। पुलिस अधिकारी से 5 करोड़ रुपए नकद और प्रॉपर्टी के कागजात भी बरामद हुए थे।



**स्वामी नित्यानंद :** सेक्स टेप स्कैंडल से विवादों में आया स्वामी नित्यानंद दक्षिण भारत में ध्यानदीपम आश्रम चलाता है। स्वामी नित्यानंद का साल 2010 में एक वीडियो सामने आया था। जिसमें उसके साथ एक अभिनेत्री नजर आ रही थी।



**स्वामी भीमानंद :** साल 2010 में दिल्ली पुलिस द्वारा स्वामी भीमानंद को आश्रम में सेक्स रैकेट चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। सेक्स रैकेट चलाने के आरोप में मकोका केस में जमानत पर चल रहा है।



**वीरेंद्र देव दीक्षित :** दिल्ली के रोहिणी एरिया में बने बाबा वीरेंद्र देव दीक्षित के आश्रम से सीबीआई टीम ने 41 लड़कियों को छुड़ाया था। पीड़िताओं में कई यूपी और छत्तीसगढ़ से ताल्लुक रखती हैं।



**रामपाल :** सोनीपत के धनाणा गांव में 1951 को जन्मा रामपाल हरियाणा सरकार के सिंचाई विभाग में जूनियर इंजीनियर था। उस पर हत्या, बंधक बनाने, देशद्रोह और अवैध तरीके से सामग्री जमा करने के आरोप हैं। फिलहाल वो जेल में है।

# आसुमल बना आसाराम



पतन शुरू हो गया। आसाराम को सजा दिलाने में शाहजहांपुर की बहादुर बेटी और उसके परिवार का योगदान अतुलनीय है। साथ ही काबिले तारीफ है, इस केस से जुड़े गवाह, वकील, जांच अधिकारी और माननीय अदालत।

देखा जाए तो इस केस को कमजोर करने के लिए आसाराम और उसके गुर्गों ने कोई कसर नहीं छोड़ी। यहां तक कि एक मध्यमवर्गीय ट्रक व्यवसायी परिवार को लंबे समय तक अपने ही घर में कैद होकर रहना पड़ा। रात में दूर की रोशनी भी उन्हें उन्हीं की ओर लपकती धधकती आग दिखती थी। लेकिन सत्य की हमेशा जीत होती है और 25 अप्रैल को यही हुआ। जोधपुर में न्याय की वेदी पर आसाराम का पाखंड खंड-खंड हो कर चूर हो गया। उसे न आसा बचा पाई और न राम।

## मैं तो नपुंसक हूं....

पुलिस की शुरुआती जांच में आसाराम ने दावा किया कि वह तो नपुंसक है। लेकिन इसके बाद जब उसका पोटेंसी (मर्दानगी) टेस्ट कराया गया तो वह झूठा सिद्ध हुआ। इसके बाद कई बार उसने तबीयत खराब होने की बात करके जमानत लेने की कोशिश की, लेकिन जमानत न मिल सकी। ये भी बता दें कि बीते 5 सालों में सुनवाई के दौरान आसाराम ने खुद को बचाने के लिए देश के सबसे बड़े, महंगे और नामी वकीलों का सहारा लिया। उसके बचाव में अलग-अलग अदालतों में बचाव के साथ-साथ बेल की अर्जियां लगाकर लड़ने वाले वकीलों में राम जेठमलानी, राजू रामचंद्रन, सुब्रमण्यम स्वामी, सिद्धार्थ लूथरा, सलमान खुर्शीद, केटीएस तुलसी और यूयू ललित जैसे नाम शामिल हैं। अलग-अलग अदालतों ने आसाराम की जमानत की अर्जियां कुल 12 बार खारिज की।

## यूं हुआ मशहूर

नैनीताल के लीलाशाह आसाराम के आध्यात्मिक गुरु थे। उन्होंने ही उसे आसुमल से आसाराम बनाया। अहमदाबाद से लगभग 10 किमी दूर साबरमती नदी के किनारे मुटेरा कस्बे में उसने पहली कुटिया बनाई। शुरुआत में गुजरात के ग्रामीण इलाके के लोग उसका भजन-कीर्तन सुनने आया करते थे। लोगों को लुभाने के लिए वो मुफ्त दवाओं का प्रलोभन देता था। भजन-कीर्तन के बाद प्रसाद के नाम पर फ्री में खाना भी बांटा जाता था। इन सब वजहों से आसाराम को सुनने के लिए दूर-दूर से लोग आने लगे।

# शाहजहांपुर की बेटी बनी नजीर



देश-दुनिया में फैला विशाल साम्राज्य। लाखों करोड़ों भक्त। एक से बढ़कर एक वकीलों की फौज। ताबड़तोड़ तीन हत्याएं, दो गंभीर घायल और एक लापता। चप्पे-चप्पे पर फैले खून के प्यासे खतरनाक गुर्गे। कोई भी होता, कदम डगमगा जाते लेकिन, क्रांतिधरा पर जन्मी बहादुर बेटी डरी नहीं, डटी रही, अकेले ही, इंसाफ मिलने तक। हां, वक्त जरूर लग गया। करीब चार साल आठ माह छह दिन लेकिन, जीत आखिर संघर्ष, सत्य और समर्पण की हुई। आसाराम की घिनौनी करतूत को उसने अंजाम तक पहुंचाया। हमेशा-हमेशा के लिए ढहा दिया उसके पाप का विशाल साम्राज्य। वास्तव में देश-दुनिया के लिए शाहजहांपुर की बहादुर बेटी एक नजीर बनी। पीड़ित परिवार के न्याय के लिए संघर्ष यात्रा बेहद कठिन थी। एक पल ऐसा भी आया, जब पीड़िता के माता-पिता का हौसला जवाब दे गया। वे आसाराम की ताकत के आगे टूटने लगे। वजह, दस दिन तक शाहजहांपुर के इर्द-गिर्द रहे आसाराम के बेटे नारायण साई ने पीड़िता और परिवार के लिए बड़े चक्रव्यूह की रचना कर दी। बड़ा प्रलोभन देने के साथ ही परिवार के खात्मे की साजिश भी रची गई। जब यह बात पीड़िता के पिता को पता लगी तो बच्चों की चिंता में शहर छोडने का मन बना लिया लेकिन, मीडिया के सपोर्ट और न्याय पालिका ने हिम्मत दी। बेटी भी कंधे से कंधा मिलाकर आ खड़ी हुई। उसके बाद तो साई का पूरा चक्रव्यूह ध्वस्त होता चला गया। इसके बाद भी आसाराम के नामचीन वकीलों की फौज से पीड़िता को 27 दिन तक जूझना पड़ा। पीड़िता और उनके परिवार को पग-पगर पर खतरे के बीच जोधपुर में दो माह बिताने पड़े। 11 अप्रैल 2014 को शुरू बयान 13 जून 2014 तक चले। चार दिन मुख्य बयान दर्ज हो गए लेकिन आसाराम के वकीलों ने क्रॉस बयान के लिए 23 दिन का समय लिया। इस तरह कुल 27 कार्य दिवस में 94 पन्नों में बयान दर्ज हुए।

## अकेले लड़ लूंगी, राक्षस को छोड़ूंगी नहीं

पीड़िता से उसके पिता ने जब यह कहा कि बेटी यदि मुझे आसाराम के गुर्गों ने मार दिया तो तेरी लड़ाई कौन लड़ेगा। भाई भी छोटे हैं। मां बेचारी क्या करेंगी, तब बहादुर बेटी ने कहा था 'नहीं पिताजी ऐसा कुछ नहीं होगा। राक्षस को सजा ऊपर वाला देगा'। दोबारा पिता के सवाल दोहराने पर अमर शहीद राम प्रसाद बिस्मिल और अशफाक की जन्म भूमि में जन्मी बेटी बोली 'आपको कुछ हो भी गया तो मैं अकेले ही लड़ाई लड़ लूंगी, लेकिन राक्षस को छोड़ूंगी नहीं।'

## विवादास्पद बयान

**निर्भया केस में पीड़िता भी दोषी :** आसाराम ने निर्भया मामले को लेकर कहा था कि पीड़िता भी उतनी ही दोषी है, जितना कि उसके साथ रेप करने वाले। उसे अपराधियों (रेपिस्टो) को भाई कहना चाहिए था और दुष्कर्म रोकने के लिए उसे उनसे याचना करनी चाहिए थी। ऐसा करने से उसकी मर्यादा बच जाती। क्या एक हाथ से ताली बजती है?

**राहुल को बोला बबलू :** आसाराम यौन उत्पीडन् मामले में खुद को फंसाए जाने की बात कहता रहा है। भाजपा से राजनैतिक शेल्टर पाने के लिए वह कई बार नाम लिए बगैर सोनिया गांधी और राहुल गांधी को जिम्मेदार ठहरा चुका था। साल 2011 में उसने राहुल गांधी को कम बुद्धि वाला बबलू तक कह दिया था। उसके इस बयान की सब तरफ खूब आलोचना भी हुई।

प्रत्यूष

## पानी किसी के बाप का नहीं



आसाराम ने साल 2013 में महाराष्ट्र में विशेष होली महोत्सव का आयोजन करवाया था। इस दौरान उसने हजारों लीटर पानी बर्बाद किया था। आलोचना से भड़के आसाराम ने कहा था कि मैं किसी के बाप का पानी खर्च नहीं करता, पानी भगवान का है, सरकार का नहीं है।

## जब मीडिया पर भड़का

अक्सर बयानों को लेकर आसाराम की आलोचना की जाती रही है। जिस पर एक बार वो मीडिया पर भी भड़क गया। उसने कहा कि मीडिया उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रहा है। इसके बाद उसने कहा कि 'हाथी चलता है तो कुत्ते भौंकते हैं, इस पर बहुत ध्यान देने की जरुरत नहीं है।

## नर्स से बोला तुम मक्खन जैसी

सितंबर 2016 में नर्स जब आसाराम के लिए ब्रेड और मक्खन लेकर गई तो उसने नर्स से कहा कि वो खुद ही मक्खन जैसी है, तब बटर लाने की जरूरत क्या थी। वह यहीं नहीं रूका और नर्स के गालों की सेब से भी तुलना कर दी। घटना मीडिया में आने पर उसकी खूब छिछालेदार हुई।

## सलाखों तक पहुंचाने में इनकी भूमिका रही अहम

**पीड़िता :** आसाराम को मेरा परिवार गुरु समझता था। पूरा परिवार उसकी शरण में रहता था और आश्रम में सेवा करता था। वह शैतान और बुरा इंसान निकला।

**पीड़िता के पिता :** 11 साल तक भगवान की तरह पूजता रहा, उसी ने मेरी छोटी बेटी के साथ घिनौनी हरकत की। वहां कई लड़कियां है। वो किसी के भी साथ ऐसा कर सकता है, इसलिए आसाराम को कड़ी सजा मिले।

**पीड़िता की मां :** इतना बेशर्म है आसाराम। ज्यादती करने के दूसरे दिन भी कहने लगा कि लड़की को आश्रम भेज दो, नहीं तो तुम्हारी बेटी आवारा हो जाएगी, घर से भाग जाएगी। हम जिसे संत मानते थे, उसने मेरी बेटी का जीवन खराब कर दिया।

**महेंद्र चावला :** पानीपत निवासी महेंद्र आसाराम के उत्पादों की मार्केटिंग करता था। पांच सशस्त्र जवान चौबीस घंटे उसके साथ रहते थे। 13 मई 15 को पानीपत में गोली मार कर हत्या का प्रयास हुआ। तब से पुलिस सुरक्षा में है।

**राहुल सचान :** आसाराम और उसके बेटे नारायण साईं का करीबी। लखनऊ में रहता था। बाप-बेटे की रंगरेलियों का गवाह था।

**अजय कुमार :** हिसार में रहने वाले अजयकुमार ने जोधपुर में मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दिए। अजय भी आसाराम का साधक था।

**ओढ़व पुलिस, अहमदाबाद :** आसाराम की अय्याशियों का गवाह। चश्मदीद लोगों के नाम-पते और सबूत पुलिस को मुहैया कराए।

**कृपाल सिंह :** पीड़ित के पिता का दोस्त था। शाहजहांपुर का रहने वाला था। इस मामले का गवाह।


BKMGPL

Khiv Singh Rajpurohit
(Managing Director)
94141-04766

BALAJI KRIPA MARBLE
& GRANITE PVT. LTD.

ALL KINDS OF MARBLE AND GRANITE BLOCK, SLABS & TILES.

398-399, Sukher Industrial Area, Sukher, Udaipur (Rajasthan) INDIA
Phone : +91-294-2442370, Fax : +91-294-2441773
e-mail : balajikripa-udr@gmail.com

हार्दिक शुभकामनाओं सहित

भारतगैस

बनाइये खाना, परोसिये प्यार

# बापना गैस डिस्ट्रीब्यूटर्स

Bharat Petroleum





भारत गैस सुरक्षा होज का प्रयोग करें
आप www.MYLPG.in or www.bharatgas.in के द्वारा भी
सिलेण्डर बुक एवं पेमेंट ऑनलाइन कर सकते हैं।

4, पाठों की मगरी, सेवाश्रम, उदयपुर (राज.)

**Email:-** bapnagas@gmail.com **Phone :-** 2418197, 2417858

**On line Booking No. :-** 9413456789




# खतरनाक है गर्म हवा का झोंका

**गर्मियों में बढ़ते तापमान के साथ कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसी ही एक गंभीर समस्या है हीट स्ट्रोक। इससे बचने के लिए पहले से ही सावधानी बरतें।**

## हीट स्ट्रोक के संकेत

- तेज बुखार होता है, जो 104 डिग्री से ज्यादा रहता है।
- त्वचा में लालिमा, गर्माहट और खुश्की होती है।
- अत्यधिक घबराहट होती है।
- व्यवहार में बदलाव और चिड़चिड़ापन आता है।
- पसीना कम आता है।
- सांस लेने में कठिनाई होती है।

– डॉ. अनिता शर्मा

हीट स्ट्रोक को आम बोलचाल की भाषा में लू लगना कहा जाता है। यह एक गंभीर अवस्था है, जिसमें शरीर, तापमान को नियंत्रित करने की क्षमता खो देता है और शरीर का तापमान निरंतर बढ़ता रहता है। तापमान बढ़ कर 105 डिग्री या उससे भी अधिक हो सकता है। हीट स्ट्रोक में शरीर के तापमान का बढ़ना साधारण बुखार की स्थिति से भिन्न होता है। हीट स्ट्रोक की समस्या बेहद घातक सिद्ध हो सकती है। इसके कारण मस्तिष्क और शरीर के आंतरिक अंगों को क्षति पहुंच सकती है और सही उपचार न मिलने की स्थिति में रोगी को जान तक गंवानी पड़ सकती है।

## हीट स्ट्रोक की शुरुआती अवस्थाएं

हीट स्ट्रोक में गंभीर स्थिति से पहले आमतौर पर कुछ शुरुआती अवस्थाएं होती हैं, जिनके लगातार बढ़ने के कारण स्थिति बिगड़ जाती है। इन्हें जान कर और समय रहते सही उपचार करके इस गंभीर स्थिति तक पहुंचने से बचा जा सकता है।

### हीट क्रैम्प

गर्मी में अधिक शारीरिक गतिविधि के साथ अगर शरीर को पर्याप्त मात्रा में पानी न मिले तो हीट क्रैम्प की समस्या हो सकती है। इस अवस्था में मांसपेशियों में ऐंठन, खासकर, पेट, हाथों और पैरों में दर्द होता है। ऐसा शरीर से पसीने के साथ सोडियम निकल जाने के कारण होता है। इसलिए कम सोडियम डाइट लेने वाले लोगों और दिल के रोगियों के इससे पीड़ित होने की आशंका ज्यादा होती है। समस्या के काबू में न आने पर अगली अवस्था यानी हीट इग्जॉस्शन का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए इस स्थिति में भरपूर मात्रा में तरल पदार्थ लें और कुछ घंटे बाहर न निकलें।

## प्रारंभिक इलाज

- रोगी को ठंडे स्थान पर ले जाएं। उसके शरीर पर ठंडे पानी की पट्टियां रखें या सीधे ठंडा पानी डालें।
- तापमान को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त हवा दें।
- रोगी पेय लेने की स्थिति में है तो उसे ठंडे, शीतल पेय पिलाएं।
- रोगी की बगलों, गर्दन, पीठ आदि में बर्फ का पैक लगाएं।

## कैसा हो आहार

- खाने की ऐसी आदत बनाएं कि शरीर में पानी की कमी न रहे और इलेक्ट्रोलाइट संतुलित रहे।
- पानी, फलों-सब्जियों के जूस, ठंडी शिकंजी, मट्ठा, ग्लूकोज, इलेक्ट्रोलाइट जैसे तरल पदार्थों का सेवन करते रहें।

### हीट इग्जॉशन

तेज गर्मी और डीहाइड्रेशन के कारण हीट इग्जॉशन की समस्या हो सकती है। कमजोरी, तेज पसीना, तेज प्यास, जी मिचलाना, सिरदर्द, थकान, मांसपेशियों में ऐंठन और दर्द, चक्कर आना जैसे लक्षण हीट इग्जॉशन की ओर ही इशारा करते हैं। समय पर उपचार न मिलने पर समस्या गंभीर हो सकती है।

## क्या हैं कारण

अल्कोहल का सेवन, हृदय रोग, गर्मी में अत्यधिक कपड़े पहनना, गर्मी के दिनों में शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय होने के बावजूद पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थों का सेवन न करना, गर्मी में अत्यधिक व्यायाम, तेज धूप के समय फील्ड वर्क करना स्ट्रोक के खतरे को बढ़ा सकते हैं। अवसाद के इलाज के दौरान ली जाने वाली दवाएं भी इसके खतरे को बढ़ा देती हैं।



# घरेलू उपचार

- धनिए को कुछ देर पानी में भिगो कर रखें। उसे अच्छी तरह मसल कर, छान कर उसमें थोड़ी चीनी मिला कर पीने से गर्मी के कारण होने वाली समस्याओं की आशंका कम हो जाती है।
- कच्चे आम को उबाल कर छान लें। इसमें चीनी, नमक और भुना जीरा मिला कर पेय बना कर पिएं। गर्मी से बचाव के लिए यह रामबाण है।
- ठंडे पानी में आलू बुखारे को मसल कर पीने से भी हीट स्ट्रोक से बचा जा सकता है।
- बेल के रस में चीनी मिला कर पिएं। शरीर को गर्मी की समस्या से राहत मिलेगी।
- मेथी की सूखी पत्तियों को रात भर पानी में भिगो कर रखें और अगले दिन इसे हाथ से मसल कर छान लें। इसमें थोड़ा शहद मिलाएं। थोड़ा-थोड़ा दो-दो घंटे के अंतराल में पिएं।
- प्याज हीट स्ट्रोक से शरीर की रक्षा करती है। प्याज, चीनी और जीरे को भून लें। इसे थोड़ा-थोड़ा नियमित रूप से खाएं, गर्मी से राहत मिलेगी।

## रिस्क फैक्टर श्रेणी

हीट स्ट्रोक का खतरा किसी को भी हो सकता है, लेकिन कुछ लोग खासतौर पर हीट स्ट्रोक की रिस्क फैक्टर श्रेणी में आते हैं। इन्हें बचाव के लिए खास ध्यान रखने की जरूरत होती है। बच्चे, वृद्ध, मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति, उच्च रक्तचाप, गुर्दे या दिल के रोगी, अत्यधिक शारीरिक श्रम करने वाले खिलाड़ी या मोटे लोग इसी श्रेणी के हैं।

## इन बातों का रखें ध्यान

- कम से कम एसपीएफ 30 वाली सनस्क्रीन का प्रयोग करें।
- हल्के रंगों के ढीले, सूती कपड़े पहनें।
- पर्याप्त पानी पिएं, व्यायाम के समय या किसी भी काम के लिए बाहर जाने पर पानी पीने में बिल्कुल लापरवाही न बरतें।
- अधिक शारीरिक श्रम वाली बाहरी गतिविधियां सुबह 10-11 बजे से पहले और शाम को 4-5 बजे के बाद करें।
- बाहर रहने पर थोड़े-थोड़े अन्तराल में पानी पीते रहें, भले ही प्यास न हो।
- धूप में निकले, तो सनग्लास अवश्य लगाएं।
- छाते, चौड़े किनारे वाले हैट या स्कार्फ का प्रयोग करें।
- दिन में घर को ठंडा रखने के लिए पर्दों और सन कंट्रोल फिल्म का प्रयोग कर सकते हैं।

जीवन दर्शन

# सबसे बड़ा विकार क्रोध

एक समय की बात है। काशी में एक सन्यासी रहते थे। रोज प्रातः जल्दी उठना, स्नानादि से निवृत्त होकर मन्दिर जाना, पूजा पाठ व धर्म-ग्रन्थों का पठन-पाठन उनकी दिनचर्या में शामिल था। वे साफ-सफाई और पवित्रता का भी बड़ा ध्यान रखते थे। गंगा स्नान से लौटते हुये कोई व्यक्ति, वस्तु या प्राणी उन्हें छू ले तो दोबारा स्नान करने के बाद ही मन्दिर जाते थे। एक दिन सन्यासी गंगा स्नान कर लौट रहे थे। भीड़ तो काशी के घाटों पर सदा ही रहती है, प्रयास के बावजूद एक चांडाल का वस्त्र उनसे छू गया। सन्यासी का पारा सातवें आसमान पर जा पहुंचा। उन्होंने तत्काल एक कंकर उठाकर चांडाल को दे मारा और डांटते हुए बोले - 'अन्धा हो गया है, देख कर नहीं चल सकता। मुझे फिर स्नान करना पड़ेगा।' चांडाल ने हाथ जोड़ कर कहा - 'अपराध हो गया, क्षमा करें। रही स्नान की बात सो आप करें या न करें, मुझे तो करना ही पड़ेगा।' सन्यासी ने आश्चर्य से पूछा - 'तुझे क्यों स्नान करना पड़ेगा।' वह बोला - 'सबसे अपवित्र महाचांडाल तो क्रोध है और उसने आपमें प्रवेश कर मुझे छू लिया है। मुझे उसके मलिन स्पर्श से पवित्र होना है।' उसकी बात सुन कर सन्यासी का सिर लज्जा से झुक गया और क्षमा मांग कर चल दिये।

**मंत्र** : क्रोध ऐसा महाविकार है जो बुद्धि और विवेक दोनों को नष्ट कर देता है जिससे व्यक्ति निरन्तर पतन की ओर जाता है। अतः क्रोध पर नियन्त्रण रख धैर्य से काम करते रहना चाहिए।

**प्रस्तुति** : भगवानलाल शर्मा 'प्रेमी'

पर्यटन

प्रत्यूष

# खुशगवार... सुहाना महाबलेश्वर



यदि आप प्रकृति को करीब से अनुभव करना चाहते हैं तो आपके सामने कश्मीर, हिमाचल, नैनीताल, मसूरी और महाबलेश्वर बेहतर विकल्प हैं। यहां हम आपको महाबलेश्वर की जानकारी दे रहे हैं। जो हमेशा से मई-जून की छुट्टियां मनाने का सुन्दर पर्वतीय स्थल रहा है। समुद्र से 1,372 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इस पर्यटन केन्द्र को कुदरत ने इतनी खूबसूरती से संवारा है कि यहां जो एक बार आया, उसका मन गर्मी के हर सीज़न में आने को मचलता है।

आसमान छूती ऊंची-ऊंची पहाड़ियां, गहरी घाटियां, हर तरफ छाई हरियाली और इस पर मंद-मंद बहती ठंडी हवा महाबलेश्वर को हर मायने में खास बनाती है। संस्कृत में महाबलेश्वर का अभिप्राय है दैवीय शक्ति सम्पन्न भगवान। इसकी प्राकृतिक सुन्दरता से वशीभूत होकर अंग्रेज इसे गर्मी के दिनों में बॉम्बे प्रेजिडेंसी की कैपिटल बनाते थे। यदि आप महाबलेश्वर जाएं तो इसके इर्द-गिर्द की जगह को देखने के लिए भी चार-पांच दिन का समय अतिरिक्त निकालें।

## कैसे पहुंचे


यह पुणे के दक्षिण पश्चिम में 120 किमी और मुंबई से 285 किमी की दूरी पर है। मुंबई से महाबलेश्वर पहुंचने के लिए महज पांच घंटे लगते हैं। यहां पहुंचने के दो रास्ते हैं। नेशनल हाइवे-4 से पुणे, विशरवाल और पंचगनी होते हुए महाबलेश्वर पहुंचा जा सकता है। यह रास्ता थोड़ा लंबा है, लेकिन सड़कों की स्थिति बेहतर है। छोटा रास्ता नेशनल हाइवे-17 परपेन, महाड और पोलडपुर होते हुए है।

## महाबलेश्वर मन्दिर



यहां महादेव का प्राचीन, लेकिन विश्व प्रसिद्ध मंदिर है। 500 साल पुराने इस मंदिर में प्राकृतिक रूप से निर्मित शिवलिंग है। यहां पंचगंगा मंदिर भी है। यहां स्थित मोरारजी कैसल में महाबलेश्वर विजिट के दौरान महात्मा गांधी ठहरे थे। अगर आप पुरानी शैली के ब्रिटिश बंगलों को देखना चाहते हैं, तो आपको महाबलेश्वर जरूर जाना चाहिए।

## प्रतापगढ़ किला



महाबलेश्वर से 24 किलोमीटर दूर मराठा साम्राज्य के इतिहास से रू-ब-रू कराता है प्रतापगढ़ किला। 1656 में पहाड़ों पर बनाए गए किले की खूबसूरती देखते ही बनती है। यही वह जगह है, जहां 1659 में छत्रपति शिवाजी और बाजीपुर के सूबेदार अफजल खान के बीच मुलाकात हुई थी। यह एक विशालकाय किला है जिसके भीतर कई तालाब और लंबी गैलरियां हैं। जो एक तरफ से दूसरे दरवाजे की ओर खुलती हैं। यह किला सड़क मार्ग से थोड़ा हटकर है। इस वजह से यहां पहुंचने के लिए छोटे वाहनों से ही पहुंचना सुविधाजनक होता है।


मैल्कम पॉइंट


मुंबई पॉइंट

मैल्कम पॉइंट का नाम महाबलेश्वर के फर्स्ट सिटीजन मैल्कम के नाम पर रखा गया है। इसके अलावा कैट्स पॉइंट या मार्जरी पॉइंट देखकर आप रूमानी नजारों में खो जाएंगे। यहां कुछ जगहों का नाम किसी जमाने में बॉम्बे प्रेजिडेंसी के गवर्नर रहे लॉर्ड एलफिंस्टन और तत्कालीन मेयर जनरल लॉडविक के नाम पर भी है। इन सारे पॉइंट की सैर करने के बाद आप वेनालेक देखना न भूलें। इस लेक में बोटिंग, फिशिंग और पोनी राइडिंग का मजा ले सकते हैं यदि कुछ खाने का मन हो तो यहां कई फूड और गेम्स के स्टॉल हैं। इसी लेक की ओर से नीचे पंचगनी की ओर रास्ता जाता है। जो एक अन्य पर्यटन स्थल है। यहां पर सुंदर स्ट्रॉबेरी के खेत आपका मन मोह लेते हैं।

इस पॉइंट पर टूरिस्ट घुड़सवारी का मजा ले सकते हैं। यहां से सूरज के डूबने का नजारा देखकर ऐसा लगेगा कि जैसे आपकी जिंदगी की एक बड़ी कमी पूरी हो गई है। महाबलेश्वर का मौसम पूरे साल खुशगवार रहता है। यदि यहां घूमने का प्रोग्राम बनाना चाहें तो अक्टूबर से जून का समय मुफीद होता है। गर्मियों में यहां का तापमान 16 डिग्री सेंटीग्रेट से 20 सेंटीग्रेट तक रहता है और सर्दियों में यह घटकर 5 डिग्री हो जाता है। यहां घूमने के लिए जाते समय सूती और हल्के वुलन कपड़े ले जाएं। महाबलेश्वर फलों के लिए भी खास जाना जाता है। स्ट्रॉबेरी से बने शहद के जैम और रस का मजा भी लिया जा सकता है। इसके अलावा गुड़ और मेवों से बनी चिकी के का स्वाद का तो कहना ही क्या। यहां हाथ से बने लैदर के फुटवियर और अन्य सामान की खरीदारी कर सकते हैं। महाबलेश्वर जाएं और महाराष्ट्रियन खाने का मजा न लें ऐसा नहीं हो सकता। यहां का लजीज खाना आपके मन को भा जाएगा। इसके अलावा यहां चाइनीज कॉन्टिनेंटल और मैक्सिकन हर तरह का फूड भी मिलेगा।

– कमला गौड़



# डार्क सर्कल : खूबसूरती पर ग्रहण



**आंखें चाहे आपकी बेहद ही खूबसूरत क्यों न हों, पर अगर उनके नीचे काले घेरे हैं तो आंखों की खूबसूरती के साथ-साथ आपकी खूबसूरती पर भी ग्रहण लग जाता है।**

*- शमीम खान*

*डार्क सर्कल न सिर्फ आपके चेहरे की सुंदरता को कम करते हैं, बल्कि आपके खराब स्वास्थ्य और अनियमित दिनचर्या की चुगली भी करते हैं। इसके कारण सुन्दर चेहरा भी थका और मुरझाया हुआ सा लगता है। आंखों के आसपास होने वाले ये काले घेरे कोई ऐसी समस्या नहीं हैं जिनका उपचार न हो। इन्हें कम करने के साथ इनका पूरी तरह उपचार भी संभव है।*

## क्यों हो जाते हैं डार्क सर्कल

आंखों के नीचे काले घेरे सभी व्यक्तियों को जीवन में किसी न किसी स्तर पर प्रभावित करते हैं। लेकिन युवावस्था में आंखों के आसपास जब ये घेरा डेरा जमा लेते हैं तो यह चिंता का कारण बन जाते हैं। डार्क सर्कल के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें ये प्रमुख हैं :

- नींद और पोषक तत्वों की कमी
- अनुवांशिक रूप से मला स्किन पिगमेंटेशन
- लगातार सूर्य की किरणों के संपर्क में रहना।
- कई चिकित्सकीय अवस्थाएं जैसे एलर्जी, अस्थमा, किडनी और लीवर संबंधी गड़बड़ियां भी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से डार्क सर्कल का कारण बन जाती हैं।
- शरीर में पोषक तत्वों की कमी विशेषकर विटामिन और पानी की कमी।
- तनाव, थकान और उम्र बढ़ने के साथ रक्त संचार प्रभावित होना।
- ऐसे दवाइयों का सेवन, जिनसे रक्त नलिकाएं फैल जाती हैं।

## ऐसे करें रोकथाम

- डार्क सर्कल को कम करने या ठीक करने से ज्यादा जरूरी है कि इन्हें होने ही न दिया जाए। इससे न सिर्फ हमारी आंखें और चेहरा सुंदर दिखेंगे, बल्कि स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा।
- संतुलित भोजन खाएं, जिसमें विटामिन के और आयरन अधिक मात्रा में हो, जैसे हरी पत्तेदार सब्जियां, फलियां और मांसाहारी भोजन।
- विटामिन ए भी आंखों के स्वास्थ्य के लिए उपयोगी होता है। यह दूध और दूध से बने पदार्थों, मछली, अंडे, फलों और हरी पत्तेदार सब्जियों में भरपूर मात्रा में पाया जाता है।
- रात में समय पर सोएं और सुबह जल्दी जागें।
- सूर्य की किरणों से अपनी आंखों को बचाएं। जब भी धूप में निकलें, सन ग्लास लगाएं।
- भरपूर पानी पिएं।
- डॉक्टर की सलाह पर विटामिन के सप्लीमेंट लें।

## घरेलू उपचार

- बादाम या जैतून के तेल से आंखों के आसपास हल्के हाथों से मालिश करें, इससे रक्तसंचार ठीक रहता है और आंखों की थकान भी कम होती है।



- बादाम के तेल और शहद को अच्छी तरह मिलाकर सोने के पहले आंखों के आसपास लगाएं और पूरी रात लगा रहने दें।
- पुदीने की पत्तियों का पेस्ट बना लें और उसमें कुछ बूंद नींबू का रस भी मिला लें। इस मिश्रण को काले घेरों पर प्रतिदिन 10-15 मिनट के लिए लगा लें।
- आलू और खीरे के रस को मिलाएं, इसमें रुई डुबाएं और उसे करीब 20 मिनट आंखों पर रखें, फिर ठंडे पानी से धो लें।
- खीरे की स्लाइस या टी बैग को पानी में भिगोकर आंखों पर करीब 20 मिनट तक रखें, इसके बाद ठंडे पानी से आंखें धो लें।
- कच्चे आलू को कद्दूकस करके काले घेरों पर लगाएं और आधे घंटे बाद आंखें ठंडे पानी से धो लें। इसके बाद मॉइस्चराइजर लगा लें।

## प्राणायाम उपयोगी

- व्यायाम और योग करें, विशेष रूप से प्राणायाम। प्राणायाम त्वचा की सेहत के लिए बहुत अच्छा और उपयोगी होता है।




- आधुनिक शोधों में यह बात सामने आई है कि ग्रीनटी आंखों के लिए फायदेमंद है। इसमें कैचिन्स नाम के एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो आंखों की रक्षा करते हैं।
- नमक कम खाएं। अधिक नमक से शरीर में पानी इकट्ठा होने लगता है, जिससे आंखें सूजी हुई लगती है और उनके नीचे थैले बन जाते हैं।

# चौधरी पेट्रोलियम हाऊस

*H.P.*
*DEALER*

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम

## CHOUDHARY
## PETROLEUM
## HOUSE




Ahmedabad Road, N.H.8, Balicha,
Udaipur-313002 Ph. 8058003038 (0)

निवास : 2, रामसिंहजी की बाड़ी, नागदा
डेयरी के पास, सेक्टर-11, उदयपुर (राज.)

21 जून अंतर्राष्ट्रीय दिवस विशेष

# कम समय में अधिकतम ऊर्जा का स्त्रोत-योग

**स्वस्थ जीवन शैली के लिए योग से बेहतर उपाय कोई दूसरा नहीं। योग, प्राणायाम और ध्यान को अपनी रोजमर्रा ज़िंदगी में शामिल कर हम अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। यौगिक परम्परा में शिव को योग को जन्मदाता माना जाता है। उन्होंने ही सबसे पहले योग का ज्ञान सप्तर्षियों को दिया, जिन्होंने पूरी दुनिया में उसका प्रचार-प्रसार किया। योग भी एक विज्ञान है, जो सिखाता है कैसे हम अपने जीवन की बागडोर खुद अपने हाथों में लें।**

– पीयूष शर्मा

यूं तो भारत और योग का सम्बन्ध हज़ारों साल से भी ज़्यादा पुराना है। लेकिन हाल के कुछ दशकों में इसकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है। मोटापा कम करने, फिट रहने, मस्तिष्क को स्थिर रखने तथा मानसिक शांति के लिए लोग योग व ध्यान को तरजीह दे रहे हैं। आधुनिक योग के जनक महर्षि पतंजलि ने कहा था कि 'योग से मस्तिष्क के प्रवाह को नियंत्रित किया जा सकता है। यह सिर्फ व्यायाम या आसन ही नहीं है, बल्कि एक मानसिक दशा भी है।' योग का अर्थ है शरीर, मन और आत्मा का सन्तुलन। यानी हमारे स्वस्थ जीवन का प्रमुख आधार। भौतिकता की चकाचौंध में खुशी ढूंढने के लिए व्यक्ति की भागमभाग ज़िन्दगी में योग की प्रासंगिकता इतनी बढ़ गई है कि पूरी दुनिया इसको अपना रही है। भारत की ही पहल पर दुनिया भर में 21 जून को 'अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाया जाने लगा है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने इस सम्बन्ध में 11 दिसम्बर 2014 को घोषणा की और अमेरिका चीन, कनाडा सहित 177 देशों ने 21 जून, 2015 को प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाते हुए जगह-जगह व्यापक स्तर पर योग शिविर आयोजित किए। इस बार भी ये शिविर लगेंगे।

मन बड़ा चंचल होता है। यह एक पल में सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को नाप लेता है। मन की यही प्रवृत्ति हमें तनावग्रस्त भी बनाती है। योग व प्राणायाम द्वारा मन को शांत और नियंत्रित किया जा सकता है। हर माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा होनहार और बुद्धिमान बने, उनका बेटा या बेटी हर प्रतिस्पर्द्धा में अव्वल रहे। मगर ऐसा बहुत कम हो पाता है, क्यों कि जिस प्रकार की परवरिश बच्चों को मिलनी चाहिए, वह उन्हें नहीं मिल पाती। ऐसे में बच्चे सेहत और जीवन के हर मोड़ पर पीछे रह जाते हैं। 'ओम्' का उच्चारण, भ्रामरी, भुजंगासन, त्रिकोणासन, सूर्य नमस्कार सहित कुछ ऐसे योगासन हैं, जिन्हें रोजाना करने से बच्चे बुद्धिमान तो बनेंगे ही शारीरिक रूप से स्वस्थ व क्रियाशील भी रहेंगे। वर्तमान का सबसे बड़ा और व्यापक रोग है - 'तनाव'। परिस्थितियों को आनन-फानन में न तो हम अपने अनुकूल बना सकते हैं और न ही कर्म क्षेत्र के दबाव को कम कर सकते हैं। हमारे पास उतना समय भी नहीं है। हाँ, इतना अवश्य कर सकते हैं कि भीतर की ऊर्जा को बढ़ा कर राहत ज़रूर महसूस कर सकते हैं, इसका माध्यम भी केवल योग है, और कोई नहीं। योग हमें कम समय में अधिकतम ऊर्जा दे सकता है। कुछ मिनट का ध्यान हमें परेशानियों के बीहड़ में 'आराम' की राह दिखाने वाला हो सकता है। योग के महत्व को सारी दुनिया ने माना और जाना है। इसी वजह से संयुक्त राष्ट्र ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की घोषणा कर इसे विश्व की अमूल्य धरोहर के रूप में स्वीकार किया है। योग के बारे में सही शिक्षण-प्रशिक्षण मिले और भ्रांतियों का निराकरण कर लिया जाय तो 'योग' ऐसा ज्ञान और विज्ञान है, जो आज की तमाम बीमारियों की कारगर दवा है।


## कुछ खास योगासन



शवासन

शवासन को करने से तन और मन दोनों ही तनावमुक्त रहते हैं, जिससे आपको सुकून की नींद आती है। इस आसन को करना बेहद ही आसान है। इसे करने के लिए आप चटाई बिछाकर पीठ के बल लेट जाएं और हाथ-पांव को थोड़ा बाहर की तरफ सीधा रखें। अपने शरीर के हर अंग को रिलेक्स होने दें। इस आसन को आप किसी भी समय कर सकते हैं।

## विपरीत करणी योग



इस आसन को करने से आपकी हार्ट बीट सही चलती है और दिमाग की नसें भी सही काम करती हैं। इस आसन को आप सोने से पहले या फिर शाम को भी कर सकते हैं। इसे करने के लिए आप चटाई पर पीठ के बल लेट जाएं और इसके बाद अपने पैरों को जितना हो सके ऊपर तक उठाएं और स्ट्रेज करें। इसमें पैर मुड़ने नहीं चाहिए। आपके हाथ सिर से पीछे ऊपर की ओर होने चाहिए। बांहों को शरीर से कुछ दूरी पर ज़मीन से लगाकर रखें। ऐसा करते समय आप लंबी सांस भरते रहें। हालांकि, यह ध्यान रखें कि आप इतना स्ट्रेच न करें कि आपको कमरदर्द की शिकायत हो जाए।



## सेतुबंध आसन



इस आसन को करने से तनाव दूर होता है और आपको अच्छी नींद आती है। साथ ही यह आसन एनर्जी से भरपूर होता है। इस आसन को करने के लिए पीठ के बल सीधा लेट जाए। दोनों हाथ शरीर के बगल में सीधे रखें। हथेलियों को जमीन पर सटाकर रखें। अब दोनों घुटनों को मोड़ लें, जिससे सिर्फ तलवे ही जमीन से छुएं। फिर सांस लेते हुए कमर को ऊपर उठाने की कोशिश करें। कोशिश करें कि आपका सीना ठुड्डी को छुए। इस दौरान बाजुओं को कोहनी से मोड़ लें और हथेलियों को कमर के नीचे रखकर सहारा दें। कुछ देर बाद कमर नीचे लाएं और पीठ के बल सीधे लेट जाएं।

## योग निंद्रा



योग निद्रा का मतलब आध्यात्मिक नींद होता है। इसमें आप जागते हुए सोते हैं। सोने व जागने के बीच की स्थिति को योग निद्रा कहा जाता है। योग निद्रा बरसों से चली आ रही योग विधि है। यह दिमाग और शरीर के लिए थेरेपी की तरह काम करता है। योग की इस तकनीक में सिर्फ सांसों के आवागमन को महसूस करना होता है। इसमें आप अनिद्रा की समस्या के साथ-साथ थकान, जोड़ों का दर्द, अवसाद को भी दूर कर सकते हैं।

### सर्वांगासन

सर्वांगासन में संपूर्ण शरीर का व्यायाम होता है इसीलिए इसे सर्व-अंग-आसन यानी सर्वांगासन कहा जाता है। सर्वांगासन के लिए सबसे पहले जमीन पर पीठ के बल लेट जाएं। फिर अपने दोनों हाथों को शरीर के साइड में रखें और दोनों पैरों को धीरे-धीरे ऊपर की ओर उठाएं। अपने पूरे शरीर को गर्दन से समकोण बनाते हुए सीधा करें और ठोड़ी को सीने से लगाएं। इस अवस्था में 7-10 बार गहरी सांस ले और फिर धीरे-धीरे नीचे आएं। सर्वांगासन में ब्लड सर्कुलेशन ब्रेन की ओर होने से एकाग्रता और बुद्धि में वृद्धि होती हैं। साथ ही नींद अच्छी आती है।



### योग से पाचन तंत्र सुचारू

दुरुस्त पाचन तंत्र, उत्तम स्वास्थ्य प्राप्ति का एक महत्व पूर्ण स्तम्भ है, अगर व्यक्ति का पाचन तंत्र सुचारू रूप से काम करे तो वह पेट दर्द, कब्ज, पेट के घाव, कील मुंहासे व वायु-विकार अनेक व्याधियों से बच सकता है। योग को पाचन तंत्र का डॉक्टर कह सकते हैं।

### कारण व उपचार

अधिक मात्रा में तथा आसमय भोजन करने, प्रकृति विरुद्ध पदार्थों के सेवन व तनाव के फलस्वरूप पाचन तंत्र बिगड़ जाता है, इसे दुरुस्त करने के लिए लोग उपवास करते हैं या कुछ एंटासिड, अम्ल रोधी गोलियां खा लेते है, इन सबसे से लाभ तो होता है पर यह अस्थायी होता है।

## विशेष जानकारियां

- भोजन से आधा घंटे पूर्व व पश्चात् पानी न पिएं।
- रात में गरिष्ठ भोजन का सेवन न करें।
- भोजन के तुरंत बाद लेटे नहीं।
- नियमित योगाभ्यास करें।
- फास्ट फूड या जंक फूड से बचें।
- अधिक रेशे वाले पदार्थों का सेवन करें।

## स्थायी उपचार

हालांकि अपने दैनिक जीवन चर्या में समूल परिवर्तन कठिन है फिर भी पाचन तंत्र को सशक्त व सक्रिय बनाने के लिए कुछ प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है। शरीर को अपनी पूर्ण स्वस्थ अवस्था में लौटाने में योग से अधिक कारगर कोई और उपाय हो नहीं सकता। वह किसी भी प्रकार के दुष्प्रभाव से रहित एक प्रामाणिक तकनीक है।

## अजेय योद्धा, कुशल नीतिज्ञ

# महाराणा प्रताप

***जब मेवाड़ की सत्ता राणा प्रताप ने संभाली, तब आधा मेवाड़ मुगलों के अधीन था और शेष मेवाड़ पर आधिपत्य के लिये दिल्ली के तख्त पर आसीन मुगल सम्राट अकबर प्रयासरत था। राजपूतानें के अधिकतर राजा-महाराजा, राव, सामन्त, ठिकानेदार अकबर की शक्ति के आगे घुटने टेक चुके थे, किन्तु महाराणा प्रताप अपने वंश और स्वाभिमान को कायम रखने के लिये संघर्षरत रहे। उन्होंने आत्मसमर्पण नहीं किया। जंगल-जंगल भटकते तृण-मूल की रोटियों में गुजर-बसर कर पत्नी व बच्चे को विकराल परिस्थितियों में अपने साथ रखते हुए भी उन्होंने कभी धैर्य नहीं खोया। पैसे के अभाव में सेना के टूटते मनोबल को पुनर्जीवित करने के लिए दानवीर भामाशाह ने अपना पूरा खज़ाना समर्पित कर दिया। तो भी महाराणा प्रताप ने कहा कि सैन्य आवश्यकताओं में खर्च के अलावा मुझे आपसे एक पाई भी नहीं चाहिए।***



स्वतंत्रता एवं स्वाभिमान के प्रति दृढ़ संकल्पवान एवं महान देशभक्त मेवाड़ के शासक महाराणा प्रताप का नाम भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से अंकित है। वे युग के महान व्यक्ति थे। ज्येष्ठ शुक्ल तीज सम्वत् 1540 को मेवाड़ के सूर्यवंशी शासक उदयसिंह के घर जन्मे उनके ज्येष्ठ पुत्र प्रताप को बचपन से ही अच्छे संस्कार, अस्त्र-शस्त्रों का ज्ञान और धर्म रक्षा की प्रेरणा मिली। सादा जीवन और दयालु स्वभाव वाले महाराणा प्रताप की वीरता, स्वाभिमान तथा देशभक्ति की भावना से मुगल सम्राट अकबर भी प्रभावित होने के साथ ही भयभीत रहता था। महाराणा प्रताप के पास साधन सीमित थे, फिर भी वे न झुके न ही डरे। हल्दीघाटी युद्ध के बाद उनका समय पहाड़ों और जंगलों में व्यतीत हुआ। पर्वतीय युद्ध नीति के द्वारा उन्होंने अकबर को कई बार मात दी। यद्यपि जंगलों और पहाड़ों में रहते हुए महाराणा प्रताप को अनेक प्रकार के कष्टों का सामना भी करना पड़ा, किन्तु अपने आदर्शों को नहीं छोड़ा। उनके मज़बूत इरादों ने मुगल सेनानायकों के सभी प्रयासों को नाकाम कर दिया। उनके धैर्य और साहस का ही परिणाम था कि 30 वर्ष के लगातार प्रयास के बावजूद अकबर महाराणा प्रताप को बन्दी न बना सका।

महाराणा प्रताप के सबसे प्रिय अश्व 'चेतक' ने भी अंतिम सांस तक अपने स्वामी का साथ दिया। हल्दीघाटी के युद्ध में भले ही प्रताप को पीछे हटना पड़ा किन्तु युद्ध के बाद अपनी शक्ति को संगठित करके, शत्रु को पुन: चुनौती देना उनकी युद्ध नीति की एक विशेषता थी। महाराणा प्रताप ने भीलों की शक्ति को पहचान कर उनकी छापामार कारवाई को समझा और अनेक बार मुगल सेना को कठिनाइयों में डाला। महाराणा प्रताप ने स्वतंत्रता का संघर्ष जीवनपर्यन्त जारी रखा। अपने शौर्य, उदारता तथा अच्छे गुणों से जनसमुदाय में प्रिय होकर वे जननायक बन गए थे। वे सच्चे क्षत्रिय योद्धा थे, उन्होंने अमरसिंह द्वारा पकड़ी गई बेगमों को सम्मानपूर्वक वापस भिजवाकर अपने चरित्र व हृदय की विशालता का परिचय दिया।

महाराणा प्रताप को स्थापत्य, कला, भाषा और साहित्य से भी लगाव था। वे स्वयं विद्वान तथा कवि थे। उनके शासनकाल में अनेक विद्वानों एवं साहित्यकारों को आश्रय प्राप्त था। अपने शासनकाल में उन्होंने युद्ध में उजड़े गाँवों को पुन: व्यवस्थित किया। नवीन राजधानी चावण्ड को अधिक आकर्षक बनाने का श्रेय महाराणा प्रताप को जाता है। राजधानी के भवनों पर कुम्भाकालीन स्थापत्य की अमिट छाप देखने को मिलती है। महाराणा प्रताप में अच्छे सेनानायक के गुणों के साथ-साथ अच्छे व्यवस्थापक की विशेषताएँ भी थीं। अपने सीमित साधनों से ही मुगलिया सल्तनत जैसी बड़ी शक्ति से दीर्घकाल तक टक्कर लेने वाले वीर महाराणा प्रताप की मृत्यु पर सम्राट अकबर भी दु:खी हुआ था। अकबर की उच्च महत्वाकांक्षा, शासन निपुणता, असीम शस्त्रागार और साम्प्रदायिकता भी प्रताप की अदम्य वीरता, दृढ़ साहस और उज्वल कीर्ति को धूमिल न कर सकी। महाराणा प्रताप की मृत्यु 19 जनवरी 1597 को संक्षिप्त रूग्णावस्था के बाद चावण्ड में हुई। भारत माँ के पराक्रमी सपूत महाराणा प्रताप को राष्ट्र का शत्-शत् नमन।

**- राजवीर सिंह**










HRi

# HOTEL RAJKAMAL INTERNATIONAL

**FOR EXCLUSIVE COMFORT & LUXURY STAY**

123, By Pass Road, Bhuwana, Udaipur (Raj.) Ph. 0294-2440085, 2440770

**08302614326, 09829113316**

email: rajkamaludr@gmail.com, www.hotelrajkamal.com

# पंचम के संगीत से गीत हुए सदाबहार

*राहुदेव बर्मन(आरडी बर्मन) भले ही आज हमारे बीच न हों, लेकिन उनका नाम हिन्दी फिल्म जगत के सबसे चहेते संगीतकार के रूप में स्मरणीय रहेगा। बंगाली फिल्मों के जाने-माने संगीतकार सचिनदेव बर्मन(एसडी बर्मन) के बेटे राहुलदेव संगीत की बारीकियों को इस कदर समझते थे कि फिल्म इण्डस्ट्री ने उन्हें आदर और स्नेह से 'पंचम' का सम्बोधन ही दे दिया। उन्होंने ऐसे कई गीतों को संगीत से सजाया जो आज भी सुने और गुनगुनाएं जाते हैं। कोलकाता में 27 जून, 1939 को जन्मे इस संगीतकार ने 300 से अधिक फिल्मों को संगीत से संवारा और 4 जनवरी 1994 को दुनिया से रुखसत हो गए।*



## सितारों का चहेता संगीतज्ञ

आरडी के संगीत से सजी फिल्में 'तीसरी मंजिल' और 'यादों की बारात' ने धूम मचा दी। यह कहना गलत नहीं कि राजेश खन्ना को सुपर स्टार बनाने में आरडी का भी अहम योगदान रहा। राजेश खन्ना, किशोर कुमार और आरडी की तिकड़ी ने 70 के दशक में धूम मचा दी थी। आरडी का संगीत युवा वर्ग को बेहद पसंद आया उनके संगीत में बेफिक्री, जोश, ऊर्जा और मधुरता है जिसे युवाओं ने पसंद किया। 'दम मारो दम......' जैसी धुन उन्होंने उस दौर में बना कर तहलका मचा दिया था। आरडी ने अमिताभ के लिए भी यादगार धुनें बनाई। आरडी का संगीत आज का युवा भी सुनता है। समय का उनके संगीत पर कोई असर नहीं हुआ। गीतकार गुलजार के साथ आरडी एक अलग ही संगीतकार के रूप में नजर आते हैं। फिल्म 'आंधी', 'किनारा', 'परिचय', 'खुशबू', 'इजाजत', 'लिबास' आदि फिल्मों के गीतों को आरडी ने संगीत देकर अमर कर दिया।

संगीत के क्षेत्र में हर कोई नाम कमाना चाहता है पर जिसने संगीत को आधुनिकता के साथ जोड़ा, उसकी विविधता को पहचाना और हर किसी को अपने संगीत पर गुनगुनाने के लिए मजबूर किया, वह केवल एक ही हो सकता है। राहुल देव बर्मन उर्फ पंचम दा। गानों में अगर एक स्वस्थ सेंस ऑफ ह्यूमर की बात की जाए तो पंचम उसमें काफी आगे थे। पंचम ने वर्ष 1960 से 1990 के बीच 331 फिल्मों में संगीत दिया, जिनमें 292 हिन्दी फिल्में थीं। इसके अलावा उन्होंने बंगाली, तमिल, तेलुगू और उड़िया फिल्मों के लिए भी संगीत दिया। आरडी मशहूर गायिका आशा भोसले के साथ वर्ष 1980 में शादी के बंधन में बंधे। यह उनकी दूसरी शादी थी, उनकी पहली शादी रीता पटेल से हुई थी, जो मात्र छह साल तक चली। बर्मन ने आशाजी के साथ कई फिल्मों में हिट गाने दिए जैसे 'लेकर हम दीवाना दिल......', 'आज रपट जाए .........', 'अभी न जाओ छोड़कर.......' आदि। निर्देशक विधु विनोद चोपड़ा की वर्ष 1994 में आई फिल्म '1942 ए लव स्टोरी' में पंचम दा का संगीत बहुत लोकप्रिय हुआ।

### ऐसे मिला 'पंचम' नाम

आरडी के पंचम नाम के पीछे एक मजेदार किस्सा है। बचपन में जब भी गुनगुनाते थे, प शब्द का ही उपयोग करते थे। यह बात अभिनेता अशोक कुमार के ध्यान में आई। सा रे गा मा पा में 'प' का स्थान पांचवा है, इसलिए उन्होंने आरडी को पंचम नाम से पुकारना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे उनका यही नाम इंडस्ट्री में लोकप्रिय हो गया।

### महमूद ने दिया पहला मौका

आरडी को माउथ ऑर्गन बजाने का बेहद शौक था। संगीतकार लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल उस समय 'दोस्ती' फिल्म में संगीत दे रहे थे। उनको माउथ ऑर्गन बजाने वाले की जरूरत थी। वह चाहते थे कि आरडी उनके लिए माउथ ऑर्गन बजाए, पर उन्हें इस बात को कहने में संकोच हो रहा था। जब यह बात आरडी को पता चली तो वह फौरन राजी हो गए। महमूद से पंचम की अच्छी दोस्ती थी। महमूद ने आरडी से वादा किया था कि वह स्वतंत्र संगीतकार के रूप में उनको जरूर मौका देंगे। फिल्म 'छोटे नवाब' में महमूद ने पंचम दा को मौका देकर अपना वादा पूरा किया।

### सीढ़ियों पर बैठकर गाया लता ने

आरडी फिल्म छोटे नवाब के गीत 'घर आजा घिर आए बदरा......' को गायिका लता मंगेशकर से गवाना चाहते थे। वे चाहते थे कि लता उनके घर आकर रिहर्सल करें पर लता इसके लिए राजी नहीं हुई। असल में उन दिनों लता का कुछ कारणों से आरडी के पिता एसडी बर्मन से विवाद चल रहा था। फिर लता ने आरडी की बात तो मानी, पर उनके सामने एक शर्त रखी कि वह जरूर आएंगी, पर घर के अंदर पैर नहीं रखेंगी। मजबूरन आरडी अपने घर के आगे की सीढ़ियों पर हारमोनियम बजाते थे और लता गीत गाती थीं। पूरी रिहर्सल उन्होंने ऐसे ही की।

**सफलता :** आरडी को उनके पिता हमेशा अपने साथ रखते थे। इस कारण उन्हें लोकगीतों, वाद्यों और आर्केस्ट्रा की समझ बहुत कम उम्र में ही हो गई। फिल्म 'आराधना' का संगीत तैयार करते समय एसडी बर्मन की तबीयत ज्यादा हो गई। आरडी ने कुशलता से उनका काम सम्भाला और इस फिल्म की अधिकतर धुन तैयार की। आरडी को बड़ी सफलता मिली फिल्म 'अमर प्रेम' से। फिल्म में 'चिंगारी कोई भड़के......' और 'कुछ तो लोग कहेंगे.......' जैसे यादगार गीत देकर साबित किया कि वह भी प्रतिभाशाली हैं।

**नए प्रयोगों के हिमायती :** आरडी को शुरू से ही संगीत में नए-नए प्रयोगों का शौक था। वे नई तकनीक को पसन्द करते थे। उन्होंने विदेश यात्राएं कर संगीत संयोजन का अध्ययन भी किया। भारतीय संगीत के साथ-साथ पाश्चात्य संगीत का मिश्रण भी उनके संगीत में देखने को मिलता है।

**- नृसिंह लोहार**

# With best Compliments



Shankarlal Trivedi



Devendra Trivedi



Manohar Trivedi



Jitendra Trivedi

# Mahatma

## Marble & Granite Pvt. Ltd.

**Factory :** N.H.-8, Amberi, Sukher, Udaipur-313001 Rajasthan, India
Tel. : +91-294-6503040 Fax : +91--294-2440131
web. www.mahatmamarble.com, email : info@mahatmamarble.com

**Mines Office :** Wonder Marble, Bus Stand, Paloda
Teh. Garhi, Banswara, Rajasthan
Tel. : +91-2963-276274 Fax : +91-2963-276274

**Mines Address : Arawali Marble**
Odda bassi, Village Paloda, Teh. Garhi, Banswara, Rajasthan

# सोश्यल मीडिया अपने लिए बनाएं सुरक्षित




संदीप गर्ग

सोश्यल मीडिया के दौर में हर किसी की निजी जिंदगी में झांकना बहुत आसान हो गया है। फेसबुक, वाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम सभी के डेटा चोरी होने की खबरें अब लोगों को सोश्यल मीडिया से दूर रहने को मजबूर कर रही हैं। लेकिन इस दौर में सोश्यल मीडिया से दूर रहना भी किसी चुनौती से कम नहीं है। शुरुआत में लोगों को सोशल मीडिया सेटिंग्स के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी और इस कारण अधिकतर अकाउंट्स में सेंध मारी आसानी से की जा सकती थी। लेकिन धीरे-धीरे ये ट्रेंड बदला और अब कई ऐसे फीचर आए है जिनका इस्तेमाल कर हम सोश्यल मीडिया को और भी ज्यादा सुरक्षित और प्राइवेट बना सकते हैं। आइये जानते हैं सोश्यल मीडिया हमारे लिए कितना सुरक्षित हैं और इसे कैसे प्राइवेट बना सकते हैं।

## वाट्सएप

वाट्सएप सबसे ज्यादा प्राइवेट मैसेजिंग एप है। इसमें जिसके पास नंबर है और जो आपसे जुड़ा हुआ है सिर्फ वही आपको मैसेज कर सकता है, लेकिन असलियत में इसका डेटा भी फेसबुक के पास है। अगर फेसबुक से डेटा चोरी होता है तो वाट्सएप के सारे कॉन्टेक्ट और उन कॉन्टेक्ट से लिंक एप्स का डेटा भी चला जाएगा। सुरक्षा के मामले में सिर्फ प्राइवेसी सेटिंग्स की जा सकती हैं जिससे अनचाहे यूजर्स से बचा जा सके।

**ऐसे बनाएं प्राइवेट** : वाट्सएप सेटिंग्स ऑप्शन में जाकर प्राइवेसी पर क्लिक करें। यहां से लास्ट सीन हाइड करने का ऑप्शन, स्टेटस, प्रोफाइल फोटो हाइड करने का ऑप्शन मिलेगा। साथ ही साथ लाइव लोकेशन और रीड रिसिप्ट का ऑप्शन भी मिलेगा जिसे अपने हिसाब से कस्टमाइज कर सकते हैं।

## फेसबुक

केम्ब्रिज एनालिटिका मामले के बाद ये तो समझ आ ही गया होगा कि फेसबुक सुरक्षित नहीं है.। डेटा बहुत ही आसानी से थर्ड पार्टी को दिया जा सकता है और फेसबुक मैसेज से लेकर पोस्ट और आपके फोटोज तक सब कुछ फेसबुक के पास रहता है। प्राइवेसी सेटिंग्स का इस्तेमाल कर बस अनचाहे लोगों को अपनी प्रोफाइल से दूर कर सकते हैं।

ऐसे बनाएं प्राइवेट : फेसबुक की प्राइवेसी सेटिंग्स में जाकर ये कस्टमाइज किया जा सकता है कि आखिर आने वाले पोस्ट, फेसबुक फोटो, नंबर, फ्रैंड्स आदि को कौन देख सकता है और कौन नहीं।

## ट्विटर

ट्विटर में सुरक्षा जैसा कुछ खास है नहीं, पर फिर भी डेटा चोरी की बात करें तो ये काफी खतरनाक साबित हो सकता है। यहां भी प्राइवेसी सेटिंग्स की जा सकती है कि आपका अकाउंट कैसे प्राइवेट हो सके।

ऐसे बनाएं प्राइवेट : ट्विटर में सेटिंग्स और प्राइवेसी में जाकर अपने अकाउंट को कस्टमाइज किया जा सकता है. सबसे पहले तो सिक्योरिटी में टू-स्टेप वेरिफिकेशन (जिससे फोन नंबर पर ओटीपी आने के बाद अकाउंट में साइन इन होगा) किया जा सकता है।

## इंस्टाग्राम

इंस्टाग्राम में भले ही आपका अकाउंट प्राइवेट हो फिर भी इस्तेमाल किए गए हैशटैग्स की मदद से आपका पोस्ट देखा जा सकता है। इंस्टाग्राम पर ब्रैंड प्रमोशन फेसबुक से 10 गुना और ट्विटर से 84 गुना ज्यादा होता है और इसलिए डेटा वायरल होने की गुंजाइश भी ज्यादा रहती है।

**ऐसे बनाएं प्राइवेट** : इंस्टाग्राम में प्राइवेट अकाउंट बनाया जा सकता है। इससे अपने पोस्ट, फोटोज आदि सिर्फ उन्हीं लोगों को दिखेंगे जिन्हें अप्रूव किया जाएगा।

# कमल ज्वेलर्स

मैसर्स जमनालाल केशुलाल सोनी

जमनालाल सोनी

भगवान सोनी







## सोने व चांदी के आभूषण निर्माता व विक्रेता

108, बड़ा बाजार, मोचीवाड़ा, उदयपुर (राज.), पिन 313001, फोन : 2414415







# LAXMI ENGINEERING WORKS

FEW OF OUR OTHER PRODUCT

✦ Jaw Crusher ✦ Bucket Elevator ✦ Belt Conveyor ✦ 3,4 Roller Mill
✦ Hammer Mill ✦ Ball Mill ✦ Whizzer Classifier ✦ Screw Conveyor
✦ Microzine Plant for 15 & 20 ✦ Microns ✦ Material Handling Equipments

OUR SPECIALITY : CUSTOM BUILT PLANTS & MACHINERY


E- 176, Road No. 5, Mewar Industrial Area, Madri, Udaipur - 313003 Tel. : 0294-2490060, 2490735
E-mail : info@laxmiengineering.com | govind@laxmiengineeering.com Website : www.laxmiengineering.com

अजूबा

प्रत्यूष

# पानी पर बसेगा तैरता हुआ देश

**प्रशांत महासागर में होगा स्थित, खुद के कानून-कायदे होंगे लागू, दूसरे देश का नहीं चलेगा कानून**



- जगदीश सालवी

क्या आपने सुना है कि कुछ वर्ष बाद एक देश पानी में तैरता हुआ नजर आएगा। सुनने में भले ही अजीब लगे लेकिन वर्ष 2022 में ऐसा ही देश दुनिया के मानचित्र पर उभर आएगा। ये देश पर्यटन की दृष्टि से इतना रोचक होगा कि हर कोई वहां आना चाहेगा। दुनिया के पहले तैरते हुए देश में फिलहाल कंस्ट्रक्शन चल रहा है। पे पाल कंपनी के फाउंडर पीटर थील ने इसमें 3.7 करोड़ पाउंड का निवेश किया हैं और गवर्नमेंट ऑफ पॉलीनीशिया इसके कंस्ट्रक्शन में मदद कर रही है। माना जा रहा है कि साल 2022 तक ये ऑपरेशनल होकर समुद्र में तैरना शुरू कर देगा। इसे फैसिफिक ओशन (प्रशांत महासागर) में ताहिती आइसलैंड्स के पास ही अपफ्लोट किया जाएगा। विश्व के इस पहले तैरते हुए शहर की स्थापना के लिए फ्रांस की पॉलीनेशिया सरकार और सेस्टेडिंग इंस्टीट्यूट के बीच जनवरी 2017 में समझौता हुआ है। दक्षिण प्रशांत सागर में 118 द्वीपों का एक समूह है और जलस्तर बढने के कारण इन द्वीपों के डूबने का खतरा बढता जा रहा है। इसी कारण इन द्वीपों के आसपास ऐसे शहर बनाने की तैयारी की जा रही है जो समंदर में तैरते रहेंगे।

फ्रेंच पॉलीनेशिया सरकार द्वारा इस शहर को तैयार किया जाएगा जिसे विश्व में एक बड़ी सफलता माना जा रहा है। इस शहर में खेती, स्वास्थ्य देखभाल, मेडिकल रिसर्च सेंटर और टिकाऊ ऊर्जा देने वाले पावर हाउस भी होंगे। यहां होटल, रेस्टोरेंट और दफ्तरों का भी निर्माण किया जाएगा। फ्लोटिंग आइलैंड अपनी खुद की वेयरॉन क्रिप्टोकरेंसी चलाएगा। इसी के जरिये यहां व्यापारिक लेन-देन होगा। फ्रेंच सरकार द्वारा आशा जताई गई कि वे इसे वर्ष 2020 तक तैयार कर लेंगे तथा पहले वर्ष यहां 250 से 300 लोगों के रहने की व्यवस्था होगी। जबकि, वर्ष 2050 तक हजारों लोग यहां रहने लगेंगे।

## यह है इसकी खासियत

इस आइलैंड की सबसे खास बात ये होगी कि यहां किसी देश का कानून लागू नहीं होगा। इसके कुछ अपने 'कोड ऑफ कंडक्ट' होंगे जिसका रहवासियों और यहां आने वाले पर्यटकों को पालन करना होगा। फिलहाल पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर इसे तैयार किया जा रहा है। सफल होने के बाद दुनिया के अन्य कोनों में भी इसी तरह की परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाया जा सकता है। ये फ्लोटिंग आइलैंड दुनिया में बढ़ रहे रिफ्यूजी संकट और ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण तटीय इलाकों के डूबने की स्थिति में इंसानी आबादी को बचाए रखने की कवायद के तौर पर बनाया जा रहा है। ये फ्लोटिंग आइलैंड दरअसल कई अलग-अलग बड़े-बड़े फ्लोटिंग स्ट्रचर्स को मिलाकर बना है। ये स्ट्रक्चर्स लाइट वेट होने के साथ ही पानी में नहीं डूबने के लिए डिजाइन किए गए हैं। ऐसे में समुद्र में जलस्तर वृद्धि और तूफान जैसी स्थिति में भी यह डूबेगा नहीं। हालांकि किसी भी प्रकार के विषम जल प्रलय की स्थिति में यह यहां से लोगों को नजदीक जमीनी क्षेत्रों में आसानी से रेस्क्यू कराया जा सकता है।

## ये सुविधाएं मिलेंगी इस देश में

- ये फ्लोटिंग आइलैंड्स मुख्य तौर पर इंटरनेशनल सी लॉ का पालन करेंगे और किसी देश का कानून इस पर लागू नहीं होगा। इसके कुछ अपने कायदे-कानून होंगे जिसका पालन करना होगा।
- जो लोग यहां सरकारों की बंदिशों से आजादी चाहते हैं उनके लिए ये आइडियल लोकेशन होगी।
- यहां के रहवासियों को मौजूदा पर्यटन स्थलों की सभी सुविधाएं मिलेंगी।
- यहां आइलैंड्स ट्रैवल हब बनाया जाएगा। जिसमें स्कूबा डायविंग एक्वाकल्चर फार्म्स, हेल्थकेयर, मेडिकल रिसर्च सुविधाएं होगी।
- यहां जीरो वेस्ट टेक्नॉलोजी को बढ़ावा दिया जाएगा और सस्टेनेबल पावर हाउस से ऊर्जा की जरूरत को पूरा किया जाएगा।
- इस शहर को इस प्रकार से डिजाइन किया जा रहा है, जिससे अगले 100 वर्षों तक इस शहर में किसी भी तरह के निर्माण की आवश्यकता न हो।



डिसाइड का वादा, कपड़े धुले साफ और ज्यादा
AADHAR PRODUCTS
डिसाइड®
डिसाइड
वाशिंग पाउडर
डिसाइड
एडवाइज़
वाशिंग पाउडर
Decide
डिसाइड
आयोडाईज्ड
नमक
डिसाइड
बर्तन बार
एडवाइज़
डिसाइड
Rose beauty soap
RICH ROSE AROMA
डिसाइड
Lime beauty soap
FOR LUMINOUS FRESHNESS with natural fragrance
डिसाइड
MILK & ALMOND beauty soap
FOR SMOOTH & SOFT SKIN with natural fragrance
हमारे अन्य उत्पाद
➤ डिसाइड वाशिंग पाउडर
➤ डिसाइड सुपर व्हाईट वाशिंग पाउडर
➤ डिसाइड सुपर व्हाईट वाशिंग पाउडर 4कि.ग्रा. जार
➤ डिसाइड गोल्ड वाशिंग पाउडर
➤ एडवाइस वाशिंग पाउडर
➤ एडवाइस डिटर्जेन्ट केक
➤ डिसाइड डिशवाश बार
➤ डिसाइड डिशवाश टब
➤ डिसाइड डिटर्जेन्ट केक
➤ डिसाइड नमक
➤ डिसाइड बाथ सोप
AADHAR PRODUCTS PVT. LTD.
(AN ISO 9001:2015 CERTIFIED COMPANY)
RIICO Industrial Area, Gudli, Udaipur - 313 024 (Raj.) India
FOR CONSUMER FEEDBACK, PLEASE CONTACT TO EXECUTIVE (CUSTOMER CARE) ON
77278 64004
or email at aadharproducts@rediffmail.com
www.aadharproducts.in

कर्नाटक में घोड़ा दौड़ : कांग्रेस- जेडीएस गठबंधन ने मारी बाजी, मात्र 37 सीटों वाले कुमार बने सत्ता के स्वामी



# भाजपा का 'जुगाड़ प्रोजेक्ट' फेल

- सुनील पंडित

## याकूब मेनन फैसले के बाद दूसरी बार रात को खुली सुप्रीम कोर्ट



तीन दिन तक जारी सियासी उठा-पटक के बाद बीएस येदियुरप्पा ने 17 मई सुबह 9 बजे मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। बीते 10 साल में ऐसा दूसरी बार हुआ है जब उन्होंने बगैर बहुमत शपथ ली। देश की नंबर वन पार्टी भाजपा को रोकने के लिए नंबर दो की पार्टी कांग्रेस ने तीसरे नंबर की जेडीएस को समर्थन दिया। एचडी कुमार स्वामी दो बार राज्यपाल से भी मिले लेकिन



गुजरात सरकार में वित्त मंत्री रह चुके और अब कर्नाटक के राज्यपाल वजुभाई वाला ने 16 मई की रात 11 बजे बीएस येदियुरप्पा को सरकार बनाने का न्योता दे दिया। इस फैसले के खिलाफ कांग्रेस-जेडीएस इसी रात को सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई। 2015 में याकूब मेनन की फांसी के बाद ऐसा दूसरी बार हुआ जब आधी रात को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। देर रात 2.10 बजे सुनवाई शुरू हुई। सुबह 4.20 पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल के 15 दिन में बहुमत साबित करने वाले फैसले पर रोक लगाते हुए 2 दिन के भीतर ही विश्वास मत हासिल करने को कहा। इधर, कांग्रेस राज्यपाल के फैसले के खिलाफ विधानसभा के बाहर धरने पर बैठ गई। बता दें कि 1996 में जब देवेगौड़ा प्रधानमंत्री थे तब उन्होंने गुजरात की सरकार भंग करने की सिफारिश राष्ट्रपति से की थी और उस वक्त वजूभाई वाला भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष हुआ करते थे। कर्नाटक में बहुमत न होने के बावजूद भाजपा ने सरकार बनाने का दावा पेश किया। येदियुरप्पा को मुख्यमंत्री पद की शपथ भी दिलाई गई, लेकिन वे विश्वास मत हासिल किए बिना ही चलते बने। सुप्रीम कोर्ट के आदेश से बीजेपी का जुगाड़ प्रोजेक्ट फेल हो गया। सीएम बने येदियुरप्पा को इस्तीफा देना पड़ा। इस चुनाव से पहले तक पीएम मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के सारे प्रोजेक्ट परवान चढ़ रहे थे। लेकिन इस बार दोनों की चतुराई काम नहीं आई। ऐसे में कांग्रेस-जेडीएस गठबंधन ने कर्नाटक के मैदान की घोड़ा दौड़ में बाजी मार ली। यहां 'गर्वी गुजरात' की तरह 'कन्नडिया स्वाभिमान' को जगाने के लिए दो महीने पहले ही यानी मार्च में राज्य का अलग शासकीय झंडा तय किया गया। लिंगायत समुदाय को हिंदू धर्म से अलग अल्पसंख्यक समुदाय के तौर पर मान्यता देने का कांग्रेस का लिंगायत कार्ड भी काम नहीं आया।

## 24 वें सीएम के तौर पर कुमार स्वामी ने ली शपथ

23 मई शाम 4 बजे जनता दल सेक्युलर (जेडीएस) विधायक दल के नेता एचडी कुमार स्वामी ने कर्नाटक के 24वें मुख्यमंत्री के तौर पर और उप मुख्यमंत्री के तौर पर कांग्रेस के जी परमेश्वर ने शपथ ली। विधानसभा का स्पीकर भी कांग्रेस का है जिसे केआर रमेश कुमार संभालेंगे। इस मौके पर राहुल-सोनिया के अलावा अखिलेश यादव, मायावती, ममता,



शरद यादव और तेजस्वी भी मंच पर पहुचे। शपथ ग्रहण में नजर आने वाला 2019 का संभावित मोदी विरोधी मोर्चा आकर्षण का केन्द्र रहा। मौजूदा समय में इस मोर्चे के पास देश की 128 लोकसभा सीटें हैं। 24 मई को कुमारस्वामी ने कर्नाटक विधानसभा में बहुमत साबित किया और मंत्रियों के विभागों का बंटवारा भी किया।



## सत्ता को बनाने और बिगाड़ने में राज्यपाल की दखल

**ठाकुर रामलाल** : ठाकुर रामलाल ने वर्ष 1983 से 1984 के बीच आंध्रप्रदेश में बहुमत हासिल कर चुकी एनटी रामराव की सरकार को बर्खास्त कर दिया था। एनटी रामाराव हार्ट सर्जरी के लिए अमेरिका गए हुए थे। राज्यपाल ने सरकार के वित्त मंत्री एन भास्कर राव को मुख्यमंत्री नियुक्त कर दिया। बाद में एनटी रामराव के विरोध पर केंद्र को शंकरदयाल शर्मा को राज्यपाल बनाना पड़ा। नए राज्यपाल ने एक बार फिर सत्ता एनटी रामाराव के हाथों में सौंप दी।

**पी वेंकटसुबैया** : कर्नाटक में 1983 में रामकृष्ण हेगड़े राज्य के मुख्यमंत्री बनाए गए थे। टेलीफोन टैपिंग मामले में हेगड़े को इस्तीफा देना पड़ा और एसआर बोम्मई कर्नाटक के मुख्यमंत्री बने। कर्नाटक के तत्कालीन राज्यपाल पी वेंकटसुबैया ने सरकार विधानसभा में बहुमत खो चुकी है कहकर सरकार को बर्खास्त कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट से फैसला बोम्मई के हक में आया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था था कि बहुमत का फैसला सदन में हो न की कहीं और।

**गणपतराव देवजी** : जीडी तापसे 1980 के दशक में हरियाणा के राज्यपाल बनाए गए थे। यहां देवीलाल के नेतृत्व वाली सरकार थी। वर्ष 1982 में भजनलाल ने देवीलाल के कई विधायकों को मना लिया। राज्यपाल ने भजनलाल को सरकार बनाने के लिए आमत्रित किया जिस पर देवीलाल ने कड़ा विरोध जताया। देवीलाल कुछ विधायकों को साथ लेकर गए पर विधायक वहां से निकलने में कामयाब रहे। अंत में भजनलाल ने बहुमत साबित कर सरकार बनाई।

**रोमेश भंडारी** : साल 1998 में उत्तर प्रदेश में कल्याण सिंह के नेतृत्व वाली सरकार थी। इस साल 21 फरवरी को राज्यपाल रोमेश भंडारी ने सरकार को बर्खास्त कर दिया। नाटकीय घटनाक्रम के बीच जगदंबिका पाल को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। कल्याण सिंह ने इस फैसले को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान राज्यपाल के फैसले को असंवैधानिक करार दिया। जगदम्बिका पाल दो दिनों तक ही मुख्यमंत्री रह पाए और उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। इसके बाद कल्याण सिंह को फिर से मुख्यमंत्री बनाया गया था।

**सैयद सिब्ते रजी** : साल 2005 में झारखंड भी राज्यपाल के फैसले के कारण राजनीति उठा-पटक का गवाह बना। इस साल राज्यपाल सैयद सिब्ते रजी ने त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति में शिबू सोरेन को राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाई। लेकिन शिबू सोरेन तय समय तक विधानसभा में अपना बहुमत साबित नहीं कर पाए और नौ दिनों के बाद ही उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा। इसके बाद 13 मार्च 2005 को अर्जुन मुंडा के नेतृत्व एनडीए की सरकार बनी। मुंडा दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री के पद पर आसीन हुए थे।

**बूटा सिंह** : बिहार की राजनीति भी राज्यपाल के फैसले से जुड़े विवादों के घेरे में रही है। साल 2005 में बूटा सिंह बिहार के राज्यपाल थे। उन्होंने 22 मई 2005 की मध्यरात्रि को बिहार विधानसभा भंग कर दी। उस साल फरवरी में हुए चुनावों में किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था। केंद्र में कांग्रेस बूटा सिंह ने तब राज्य में विधायकों की खरीद-फरोख्त रोकने की बात कह कर विधानसभा भंग करने का फैसला किया था। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका में फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने बूटा सिंह के फैसले को असंवैधानिक बताया था।

**हंसराज भारद्वाज** : कर्नाटक में राज्यपाल के हस्तक्षेप का एक मामला वर्ष 2009 में देखने को मिला था। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी की सरकार को बर्खास्त करने के आदेश दिए गए थे। यूपीए की सरकार में केंद्रीय मंत्री कर रहे चुके हंसराज भारद्वाज को वहां का राज्यपाल बनाया गया था। हंसराज भारद्वाज ने अपने कार्यकाल में भाजपा की सरकार को बर्खास्त कर दिया था। उस समय बीएस येदियुरप्पा मुख्यमंत्री थे। राज्यपाल ने सरकार को गलत तरीके से बहुमत हासिल करने का आरोप लगाया और उसे दोबारा साबित करने को कहा था।

**उत्तराखंड** : 27 मार्च 2016 को उत्तराखंड में हरीश रावत को राज्यपाल की रिपोर्ट पर राष्ट्रपति ने उनको बर्खास्त कर दिया। रावत 55 दिनों तक राष्ट्रपति शासन के खिलाफ कोर्ट के चक्कर काटते रहे। आखिरकार उन्हें 11 मई को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली। 10 मई को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उत्तराखंड की विधानसभा में रावत ने विश्वास मत पेश किया। बंद लिफाफा खुलने के बाद हरीश रावत के पक्ष में 33 और विपक्ष में 24 वोट पड़े।

## 51 साल पहले राजस्थान, 18 साल पहले बिहार में चला ऐसा ड्रामा

चुनाव हुए। त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति बनी। गवर्नर ने एक नेता को सीएम पद की शपथ दिलाई और फिर नेता बहुमत नहीं जुटा पाया। हफ्ते भर में इस्तीफा देना पड़ा। आज के दौर में यह कहानी है कर्नाटक चुनाव की। लेकिन हम अतीत के पन्ने पलट कर देखें तो कुछ इस तरह की स्थिति 51 साल पहले राजस्थान और 18 साल पहले बिहार में भी बनी थी। 1967 में राजस्थान में चौथा चुनाव हुआ। कांग्रेस को 184 सदस्यों वाली विधानसभा में महज 88 सीटें ही मिली थीं। बहुमत के लिए 93 सीटों की जरूरत थी। सभी गैर कांग्रेसी विधायकों ने चुनाव के बाद संयुक्त विधायक दल गठित कर लिया और अपनी दावेदारी पेश की। राज्यपाल डॉ. संपूर्णानंद ने 4 मार्च 1967 को संयुक्त विधायक दल के प्रस्ताव को निरस्त कर दिया। उन्होंने बड़ी पार्टी के नाते कांग्रेस के मोहनलाल सुखाड़िया को सीएम पद की शपथ लेने का न्यौता दे दिया। राजधानी जयपुर में कर्फ्यू लग गया। 13 मार्च को प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लग गया और इस बीच सुखाड़िया ने दल-बदल करवाकर बहुमत तैयार कर लिया और 26 अप्रैल को सीएम पद की शपथ ली। दूसरा मामला साल 2000 में बिहार में देखने को मिला। जनता का एक बड़ा धड़ा लालू यादव को पसंद नहीं करता था। ऐसे माहौल में हुए चुनाव ने एक खिचड़ी विधानसभा को जन्म दिया। लालू के पास 123 सीटें आईं। 28 तारीख को राबड़ी देवी को सरकार बनाने का न्यौता देना था लेकिन राज्यपाल विनोद पांडे ने कहा कि चुनाव आयोग विधानसभा गठन के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी करेगा, उसके बाद फैसला लेंगे। अगले दिन नीतीश कुमार ने राज्यपाल वीसी पांडे को एक चिट्ठी सौंपी जिसमें दावा था कि उन्हें 146 विधायकों का समर्थन प्राप्त है। उनके पास जरूरी सीटें नहीं थीं। लेकिन सीटें लालू के पास भी नहीं थीं। और यहीं एनडीए को उम्मीद नजर आई। इस उम्मीद का चेहरा बनाया गया नीतीश कुमार को। 27 फरवरी, 2000 के दिन ऐलान कर दिया गया कि एनडीए सरकार बनाने का दावा पेश करेगा और मुख्यमंत्री बनाया जाएगा नीतीश कुमार को। 27 फरवरी के ही दिन राबड़ी देवी को आरजेडी विधायक दल का नेता घोषित कर दिया गया। ये जताने के लिए कि सरकार बनाने का दावा वो भी करेंगी। राज्यपाल ने 3 मार्च को राबड़ी देवी की जगह नीतीश कुमार को सरकार बनाने का न्यौता दे दिया और कहा कि शपथ लेकर सदन में बहुमत साबित करें। आरजेडी की तमाम आपत्तियों के बावजूद नीतीश ने 3 मार्च को बतौर बिहार मुख्यमंत्री की शपथ ले ली। इसके बाद 10 मार्च 2000 को नीतीश कुमार समझ गए कि वो बहुमत साबित नहीं कर पाएंगे। उन्होंने इस्तीफा सौंप दिया। बाद में राबड़ी देवी को सरकार बनाने का न्यौता मिला और बहुमत साबित करने के लिए 10 दिन भी। राबड़ी देवी ने कायदे से बहुमत साबित किया। लालू यादव उनके लिए एनडीए से आनंद मोहन की बिहार पीपल्स पार्टी को तोड़ लाए। कांग्रेस को सरकार में बैठने के लिए और लेफ्ट पार्टियों को बाहर से समर्थ देने के लिए मना लिया। राबड़ी ने पांच साल बिहार की सरकार चलाई।

मनमोहक एवं सुगन्धित खुशबु जो आपके जीवन में लायें खुशहाली

250 Products Available

चेतक घोड़ा CHETAK HORSE ®

ISO 9001:2008 CERTIFIED

# Archana® Agarbatti



Export Quality Since 1947 Agarbatti

Registered Office :

ARCHANA AGARBATTI
NAVBHARAT INDUSTRIES


N.H. 76, Airport Road, Glass Factory Choraha,
UDAIPUR - 313001 (Rajasthan)
Customer Care Number : 0294-2492161, 2490899

Mob. : +91-77268 51913

E-mail : sales@archanaagarbatti.com
Website : www.archanaagarbatti.com
www.facebook.com/Archana Agarbatti

## 'मेरा बूथ मेरा गौरव' संभागीय सम्मेलन में दिग्गज जुटे

# मेवाड़ से कांग्रेस का चुनावी शंखनाद



**उदयपुर।** 26 अप्रैल को संभागीय सम्मेलन के बहाने कांग्रेस ने मेवाड़ में चुनावी शंखनाद किया। आरसीए मैदान में आयोजित कांग्रेस के संभाग स्तरीय 'मेरा बूथ-मेरा गौरव' कार्यक्रम के मंच पर प्रदेशाध्यक्ष सचिन पायलट, राजस्थान प्रभारी अविनाश पांडे, महासचिव डॉ. सीपी जोशी, मोहन प्रकाश, पूर्व केंद्रीय मंत्री नमोनारायण मीणा, डॉ. गिरिजा व्यास, सचिव काजी निजामुद्दीन, सहप्रभारी तरुण कुमार, पूर्व मंत्री मास्टर भंवरलाल, मांगीलाल गरासिया, सज्जन कटारा, गजेंद्र सिंह शक्तावत, दिनेश श्रीमाली, लाल सिंह झाला, गोपाल शर्मा, पंकज शर्मा सहित कांग्रेस के कई दिग्गज नेता उपस्थित थे। प्रदेशाध्यक्ष सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा भ्रम व सांप्रदायिकता फैला कर व अगड़े-पिछड़ों में भेद कर सत्ता हथियाने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। उन्होंने दावा किया कि केवल राजस्थान में ही नहीं बल्कि मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में भी भाजपा हारेगी और कांग्रेस की सरकार बनेगी। सचिन पायलट ने भाजपा को चुनौती दी कि मेवाड़ या प्रदेश में इन चार साल में ज्यादा काम हुए हैं या कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में, इसके लिए वे खुली बहस को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी का दम भरने वाली भाजपा और उनके नेताओं को अशोक परनामी के इस्तीफे के बाद कई दिनों तक प्रदेशाध्यक्ष लायक एक व्यक्ति तक नहीं मिला।

### सबका बोरिया-बिस्तर तैयार

सचिन पायलट ने कहा कि नंदलाल मीणा, और जीतमल खांट को विवादित बयान देने से ज्यादा काम पर ध्यान देना चाहिए। गृहमंत्री कटारिया के बयानों का तो अब खंडन भी नहीं करूंगा, क्योंकि कटारिया सहित सभी मंत्रियों को बोरिया-बिस्तर बांधना है। पीएम मोदी को आड़े हाथों लेते पायलट ने कहा कि मोदी बीते साल उदयपुर आए थे और चिकनी-चुपड़ी बातों से आरएसएस को राजी कर गए। जबकि मेवाड़ को बतौर विकास कुछ भी नहीं दिया। पायलट यह भी कहने से नहीं चूके कि दो चार कांग्रेसी नेता ये समझते हैं कि वे कांग्रेस पार्टी का भविष्य बदल देंगे तो ये उनकी गलतफहमी है। मैं इस गलतफहमी में रहने वाला नहीं हूं। गुटबाजी फैलाने वाले गलतफहमी नहीं पालें कि पार्टी उनसे या सचिन पायलट से चल रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पार्टी है। कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि बूथ को मजबूत करने में जितनी मेहनत वे करेंगे नेता भी उतनी ही करेंगे।

### कौन क्या बोला

**डॉ. सीपी जोशी :** बूथ की गणित समझें। वर्ष 2008 में नाथद्वारा से एक वोट में और वर्ष 2013 में देवकीनंदन गुर्जर हार गए थे। इसके पीछे कारण है कि पांच वर्षों में किसी ने भी बूथ पर जाकर उसकी स्थिति को नहीं जाना। एक विधानसभा में 260 बूथ, एक बूथ पर एक हजार वोट यानी 250 घर होते हैं। इन सभी को टटोलना और संपर्क करना जरूरी हैं।

**मोहन प्रकाश :** एक बाबा आसाराम जोधपुर जेल में बंद है, दूसरा बाबा राम रहीम रोहतक जेल में हैं और तीसरा आंख मिचकाने वाला बाबा रामदेव बांसवाड़ा में घूम रहा है। ये वही बाबा है जिसने दिल्ली के रामलीला मैदान में तलवार भांजी थी, लेकिन पुलिस आई तो सलवार पहनकर भागा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 70 साल में एक ही काम किया है कि हाफ से फुल पेंट में आ गए।

**डॉ. गिरिजा व्यास :** भाजपा की नीतियों से दुखी जनता के बीच कांग्रेस के पक्ष में माहौल बन रहा है। इसके लिए कार्यकर्ताओं को इस माहौल में जी जान से जुट जाना है।


### कांग्रेस को कर रही जनता याद : पांडे

राजस्थान प्रभारी व राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे ने कहा कि देश व प्रदेश में फिर कांग्रेस की सरकार बनेगी। केंद्र व राज्य में सरकार की असफलता के चलते देश की जनता कांग्रेस की ओर देख रही है। कार्यकर्ता सम्मेलन में जिस सक्रियता से भाग लेने आए हैं उसी तरह से बूथ पर विधानसभा चुनाव तक सक्रियता बनाए रखें। फिर कांग्रेस को सत्ता में आने से कोई रोक नहीं सकता। बूथ की व्यवस्था में मजबूती लाएंगे तो सरकार भी बदल जाएगी।

– रिपोर्ट : मदन पटेल

## डॉ. गिरिजा की पुस्तक रंगे अहसास का विमोचन

# ग़ालिब साझी विरासत के प्रतीक



**उदयपुर/विशेष संवाददाता।** ग़ालिब इंस्टीट्यूट-नई दिल्ली, केंद्रीय मंत्रालय एवं अदबी संगम-उदयपुर के साझे में ग़ालिब का तसव्वुर-ए-निशा तो गम...विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार कुंभा भवन में सम्पन्न हुआ। जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास की पुस्तक रंगे अहसास का विमोचन भी हुआ।

इस मौके पर डॉ. गिरिजा ने कहा कि पुस्तक में एक सफा उर्दू में तो एक सफा हिंदी में लिखा गया है ताकि हिंदी-उर्दू साथ-साथ चल सकें। उन्होंने कहा कि मिर्जा ग़ालिब की पहचान सिर्फ एक शख्सियत के तौर पर ही नहीं की जा सकती। ग़ालिब खुशी हैं तो ग़ालिब गम भी हैं, ग़ालिब दिन हैं तो ग़ालिब रात भी हैं, ग़ालिब सुख हैं तो ग़ालिब दुख भी हैं। मिर्जा ग़ालिब किसी एक कौम के नहीं, पूरी इंसानियत के शायर थे। इंस्टीट्यूट के निदेशक रजा हैदर ने बताया कि ग़ालिब और उनकी शेरो-शायरी को घर-घर पहुंचाने एवं आज के युवाओं को उनके व्यक्तित्व-कृतित्व से रूबरू करवाने के उद्देश्य से यह इंस्टीट्यूट विभिन्न शहरों में ऐसे आयोजन करता है। इसी कड़ी में यह आयोजन भी है। मौजूदा वक्त में गालिब को समझना बेहद जरूरी है। ग़ालिब हमारी साझी विरासत व गंगा-जमुनी तहजीब के प्रतीक हैं। मुख्य वक्ता प्रो. एए फातमी ने कहा ग़ालिब ने शायरी को दिल के बजाय दिमाग दिया। वे ही एक मात्र ऐसे शायर थे जिन्होंने हयात और कायनात पर भी सवाल खड़े किए। ग़ालिब की शायरी मकसदी है, तुजुर्बा लिए है। उद्योगपति जेके तायलिया और रियाज तहसीन ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन डॉ. सरवत खान ने किया।

सायंकालीन सत्र में आयोजित गजल संध्या में डॉ. प्रेम भंडारी व डॉ. देवेंद्र सिंह हिरण ने ग़ालिब की अनेक गजलों की प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।



DAAWAT

Specialist

BASMATI

RICE



# मोहन ट्रेडिंग कम्पनी

अधिकृत विक्रेता : दावत बासमती चावल

हर प्रकार के चावल, दालें, मैदा, सूजी, आटा, पोहा एवं सींगदाना के थोक व्यापारी

0294-2483671, 2481137(S)
0294-2464036 (R)

153, कृषि उपज मंडी यार्ड,
उदयपुर ( राजस्थान ) 313001

Madanlal Chaanra
#92144 53304

MOTOROLA

Dealers : 2-Way Radios




# Mobile Communications

**WIRELESS ENGINEERS** (Free Warranty Services)

243/17, "Nundee", Ashok Nagar, (Maya Misthan)
Opp. Vigyan Samiti, UDAIPUR-313001 (Raj.)
Ph. : 0294-2420455 E-mail : mobcom@gmail.com


Ministry of Communicaions & IT Lic. No. AJR/DPL/04/2000
PAN# : ADJPC3852C TIN #08164003800

# रहस्यमय किले

-चन्द्रप्रकाश जैन

**किले की मजबूत दीवारें, बड़े-बड़े पत्थर और उसकी जमी तल से ऊंचाई, ये वो साक्ष्य हैं जो हमें हाथ पकडक़र अतीत में ले जाने को मजबूर करते हैं। किले राजसी वैभव के पर्याय हैं। ये एक फिल्मी ब्ल्यू प्रिंट की तरह हैं जो अतीत की कहानी को हमारे जेहन में उतारते हैं। ये हमारे गौरवशाली अतीत की जीती जागती मिसाल हैं। ये वो विरासत है जो खामोश रहकर भी राजा-महाराजाओं की युद्ध नीति, उनकी विलासिता, उनके रहन-सहन, खान-पान, राजसी ठाट-बाट का बखूबी बखान करती नहीं थकती। दुश्मनों को मुंह तोड़ जवाब देने और अपने क्षेत्र की रक्षा करने में भी किले की भूमिका मुख्य थी। ये एक हथियार, बहादुर सिपाही, सच्चे सलाहकार, अच्छे मित्र की तरह राजा का साथ देता था। जिसके पास जितना बड़ा किला वो उतना ही सशक्त, युद्धकौशल और नीतियों का जानकार राजा। हर किले का अलग इतिहास है और उसके पीछे है एक रहस्य। राजस्थान का सौभाग्य है कि उन्हें 'विरासत' के तौर पर कई किले मिले हैं। यूं तो भारत में कई किले हैं लेकिन राजस्थान में कई नामचीन किले हमारी संस्कृति और विरासत को युगों से बरकरार रखे हुए हैं। हाल ही केंद्र सरकार ने दिल्ली के लाल किले सहित 93 ऐतिहासिक स्मारकों को निजी कंपनियों के हाथों में देने का कदम उठाया। इसके पक्ष और विपक्ष में देश की जनता दो भागों में बंटी हुई है। लेकिन हम इन सब चीजों से परे जाकर जानेंगे देश के चुनिंदा किलों की रोचक जानकारियां और उनमें वावस्ता रहस्य।**

## लाल किला




भारत का सबसे प्रसिद्ध किला है दिल्ली का लाल किला। इस किले को शाहजहां ने बनवाया था। उसने आगरा को छोड़कर दिल्ली को राजधानी बनाई। 1638 में इस किले का डिजाइन करने वाले उस्ताद अहमद लाहौरी ने ताजमहल को भी डिजाइन किया था। शाहजहां का पसंदीदा रंग लाल और सफेद था। इसलिए लाल किले में लाल रंग के बालुई पत्थरों का प्रयोग किया गया। अंदर जितने महल बने हैं उनमें सफेद संगमरमर का प्रयोग ज्यादा हुआ है। आजादी के बाद हर साल 15 अगस्त को इसी किले पर भारत के प्रधानमंत्री राष्ट्रीय ध्वज फहराते हैं और देशवासियों को संबोधित करते है।



## सलीमगढ़ का किला

सलीमगढ़ किले का निर्माण शेरशाह सूरी के बेटे सलीम शाह सूरी ने 1546 में यमुना के किनारे करवाया। लेकिन इस किले का सलीम ज्यादा दिन तक लुत्फ नहीं उठा पाए। जिस मुगल वंश के शासक को हराकर सूरी वंश की स्थापना हुई थी, उसी मुगल वंश के राजाओं ने इस किले में रहकर दूसरे किलों का निर्माण करवाया था।

## पुराना किला



पुराना किला दिल्ली का सबसे पुराना किला है। वैसे तो इसका निर्माण शेरशाह सूरी ने करवाया परंतु यहां हुई खुदाई से पता चलता है कि इस किले का अस्तित्व तीन शताब्दी ईसा पूर्व से है। कुछ तो इसका संबंध पांडवों से जोड़ते हैं। मुगल शासक हुमायूं की मृत्यु इसी किले में हुई। जब एडविन लुटियंस ने नई दिल्ली का नक्शा बनाया तो उन्होंने पुराना किले के महत्व को समझा। तब के 'वायसराय हाउस' यानी आज के राष्ट्रपति भवन से जो राजपथ निकलता है, वह ठीक पुराने किले की सीध में है।

## गोलकुंडा का किला

हैदराबाद के पास बने इस किले को पहले मांकल कहा जाता था। सोलहवीं शताब्दी में बने इस किले को काकातिया वंश के राजाओं ने बनवाया था। बाद में रानी रुदमा देवी ने इसे और मजबूती दी। गोलकुंडा का इलाका इसलिए भी प्रसिद्ध है कि विश्व के कुछ प्रमुख हीरे जिनमें कोहिनूर भी है, यहीं मिले थे। इस किले को जीतने के लिए एक बार औरंगजेब की सेना आठ साल तक इसे घेर कर जमी रही। इस युद्ध में औरंगजेब की बैठी हुई और गोलकुंडा का किला तहस-नहस हो गया।



## आगरा का किला

आगरा में लाल किले से पहले भी एक किला था बादलगढ़। उस समय वहां इब्राहिम लोधी का शासन था। 1526 की लड़ाई में उसे हराकर बाबर यहां आया और ठहरा। बाद में जब अकबर मुगल बादशाह बना तो उसने आगरा को अपनी राजधानी बनाया। उस समय बादलगढ़ किले की हालत बहुत खराब थी। अकबर ने इस किले को फिर से बनवाया। करीब आठ साल तक काम चलता रहा। आगरा का लाल किला 1573 में बनकर तैयार हुआ। यह किला तब तक मुगलों का मुख्य किला रहा, जब तक शाहजहां ने दिल्ली जाने का निश्चय नहीं किया। इस किले से ताजमहल का नजारा बहुत सुंदर और स्पष्ट दिखता है। शाहजहां को यही औरंगजेब ने कैद करके रखा था।

## चित्तौडगढ़ का किला

भारत के सबसे बड़े किलों में से एक चित्तौडगढ़ (राजस्थान) का किला है। पहले इसे चित्रकूट के नाम से जाना जाता था। माना जाता है कि इसे चित्रांगद मौर्य ने बनवाया। सातवीं शताब्दी में यहां मेवाड़ के राजाओं का शासन था। यह वही किला है जिसे अलाउद्दीन खिलजी ने 8 महीने तक घेर कर रखा था। इसके बाद भी इस पर चढ़ाई करने में खिलजी को पसीना आ गया। इस किले का संबंध राणा प्रताप के पूर्वजों से हैं। उनके दादा राणा सांगा और पिता उदय सिंह भी यहां के शासक राजा रहे।





## कुंभलगढ़ का किला

कुंभलगढ़ (राजस्थान) के किले का इतिहास सातवीं शताब्दी से जुड़ा है। परंतु आज के जिस कुंभलगढ़ को हम जानते हैं, उसे राणा कुंभा ने बनवाया था। इस किले की खास बात यह है कि वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप का जन्म इसी किले में हुआ था। यह किला मेवाड़ और मारवाड़ की सरहत पर है। जब भी किसी राजा को शरण की जरूरत पड़ती तो कुंभलगढ़ का किला उनके काम आता था। महाराणा प्रताप के पिता उदय सिंह को पन्नाधाय बचाकर यहीं लाई थी। यह किला इतना मजबूत है कि यह केवल एक बार ही दुश्मनों द्वारा जीता गया। वह भी किले में पानी खत्म हो जाने के कारण।

## फतेहपुर सीकरी

यह किला अकबर से जुड़ा है। कहते हैं कि अकबर को सलीम चिश्ती के आशीर्वाद से बेटा हुआ, जो जहांगीर के नाम से प्रसिद्ध हुआ। सलीम चिश्ती सीकरी गांव में रहते थे। उनके सम्मान में अकबर ने यहां किला भी बनवाया। इस किले के मुख्य द्वार को बुलंद दरवाजा कहते हैं, जो दुनिया की किसी भी इमारत का सबसे बड़ा दरवाजा है। सलीम चिश्ती की दरगाह इसी किले में है। इस इलाके में अकबर से पहले उनके दादा बाबर भी आए थे। राणा सांगा को एक युद्ध में हराकर बाबर की सेना यहां पहुंची थी, तो यहां झील देखकर उनकी जान में जान आ गई। बाबर ने उस स्थान को शुक्री कहा यानी उसे धन्यवाद दिया। वहीं शुक्री आगे चलकर सीकरी में बदला।



पुस्तक समीक्षा

प्रत्यूष

# कर्म के स्वरूप का विश्लेषण

डॉ. द्विपेन्द्र मुनि का शोध प्रबंध 'जैन कर्म सिद्धांत में आचार्य देवेन्द्र मुनि का




अवदान' सात अध्यायों में विभक्त है। जिसमें दिवंगत श्रमणसंघीय आचार्य देवेन्द्र मुनि द्वारा कर्म विज्ञान पर लिखे नौ ग्रंथों की विवेचना ही प्रमुख रूप से है। प्रथम अध्याय में उन्होंने देवेन्द्र मुनि जी के विलक्षण व्यक्तिव एवं कृतित्व को निरूपित किया है। श्रमण संघ के महास्थविर मुनि श्री ताराचंद जी महाराज और पण्डित रत्न श्री पुष्कर मुनि जी से वि. सं. 1997 में दीक्षित होने के बाद से 26 अप्रेल 1999 महाप्रयाण पर्यन्त उनकी साधना और लेखन पर तो विस्तार से प्रकाश डाला ही गया है, उनके सांसारिक जीवन, महत्वपूर्ण घटनाएं, गुरु परम्परा, चातुर्मास और सामाजिक परिवर्तन के उनके प्रयासों का भी लेखक ने श्रमपूर्वक उल्लेख किया है।

**पृष्ठ संख्या : 429 मूल्य : 250 रु**
**प्रकाशक :-**
**श्री तारक गुरु जैन ग्रंथालय, उदयपुर (राज.)**

लेखक को आचार्य श्री देवेन्द्र मुनि का गुरु-रूप में संक्षिप्त सान्निध्य तो प्राप्त हुआ ही, शोध निर्देशक के रूप में मनीषी डॉ. उदयचन्द्र जैन व प्रेरक रूप में श्रमणसंघीय सलाहकार श्री दिनेश मुनि व डॉ. पुष्पेन्द्र मुनि का सहयोग भी शोध प्रबंध की सफलता और प्रकाशन का महत्वपूर्ण कारक बना। द्वितीय अध्याय में देवेन्द्र मुनि द्वारा रचयित कर्म विज्ञान में कर्म के स्वरूप का सिलसिलेवार विश्लेषण है तो तीसरे अध्याय में कर्म के भेद-उपभेदों का अनुशीलन है। चौथे अध्याय में जीव के स्वरूप का विश्लेषण और पांचवें अध्याय में आचार्यश्री के कर्म विज्ञान की रोशनी में गुण स्थानों का विवेचन है। छठे अध्याय में देवेन्द्र मुनिजी द्वारा कर्म विज्ञान से सम्बन्धित अपने ग्रंथों में 'योग' पर जो समग्र दृष्टि से विचार और आरोग्य की दिशा में उसके प्रभावों को प्रस्तुत किया है, उसका गहन अध्ययन कर विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। सातवां अध्याय शोध प्रबंध का उपसंहार है।


लेखक डॉ. द्विपेन्द्र मुनि लिखते हैं कि आचार्य गुरुदेव देवेन्द्र मुनि को देखने, पढ़ने-समझने का ही सौभाग्य प्राप्त नहीं हुआ, बल्कि उनसे आगम के रहस्य को जानने-समझने की दृष्टि और अनुभव भी प्राप्त हुआ। उन्होंने प्रत्येक ऐसे पहलुओं को जीवन का आधार बनाया जिसमें विज्ञान ही विज्ञान है। ऐसा विज्ञान जिसे पढ़ते ही जाएं पर उसके रहस्य की किंचित भी थाह नहीं पा सकें। देवेन्द्र मुनिजी के सतत् चिंतन ने अनुसंधान की पृष्ठभूमि में प्रवेश करके चिंतन के नए-नए आयाम दिये हैं। उनकी आगमिक दृष्टि ने एक क्षेत्र को केन्द्र नहीं बनाया अपितु भारतीय एवं पाश्चात्य विचारकों के विचारों का मंथन कर जो नवनीत समाज को दिया वही कर्म विज्ञान के रूप में विशाल एवं व्यापक दृष्टि को प्रस्तुत करता है।

डॉ. द्विपेन्द्र मुनि के इस शोध प्रबंध की इस वर्ष महावीर जयंती पर द्वितीय आवृत्ति का प्रकाशन ही इस बात की पुष्टि करता है कि इसका चहुंओर व्यापक स्वागत हुआ। इसका प्रथम संस्करण 2013 में उद्घाटित हुआ। ऐसे शोधपरक ग्रंथ में जिन महानुभावों ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया, वे भी लेखक के साथ साधुवाद के पात्र हैं।

**- विष्णु शर्मा हितैषी**




# बरकतों की बौछार माह-ए-रमज़ान



पवित्र महीना रमजान 18 मई से जारी है। इससे कुछ दिन पहले ही मुस्लिम समुदाय ने रमजान की सारी तैयारियां पूरी की। पवित्र रहमत और बरकत से भरा रमजान का महीना मोमिनों को अल्लाह से प्यार और लगन जाहिर करने के साथ खुद को खुदा की राह की सख्त कसौटी पर कसने का मौका देने वाला है। यह महीना बेशक हर बंदे के लिए नैमत है। रमजान में दिनभर भूखे-प्यासे रहकर अल्लाह को याद करने की मुश्किल साधना करते रोजेदार को अल्लाह खुद अपने हाथों से बरकतों से नवाजते हैं।

यह महीना कई मायनों में अलग और खास है। अल्लाह ने इसी महीने में दुनिया में कुरान शरीफ को उतारा था, जिससे लोगों को इल्म और तहजीब की रोशनी मिली। साथ ही यह महीना मोहब्बत और भाईचारे का संदेश देने वाले इस्लाम के सार-तत्व को भी जाहिर करता है।



रोजा न सिर्फ भूख और प्यास बल्कि हर निजी ख्वाहिश पर काबू करने की कवायद है। इससे मोमिन में न सिर्फ संयम और त्याग की भावना मजबूत होती है बल्कि वह गरीबों की भूख-प्यास की तकलीफ को भी करीब से महसूस कर पाता है। रमजान का महीना सामाजिक ताने-बाने को भी मजबूत करने में मददगार है। इस महीने में सक्षम लोग अनिवार्य रूप से अपनी कुल संपत्ति का एक निश्चित हिस्सा निकालकर उसे जकात के तौर पर गरीबों में बांटते हैं।

रमजान की शुरुआत सन् दो हिजरी से हुई थी और तभी से अल्लाह के बंदों पर जकात भी फर्ज की गई। रमजान के महीने में अल्लाह के लिए हर रोजेदार बहुत खास होता है और खुदा उसे अपने हाथों से बरकत और रहमत नवाजता है। कुरान शरीफ में लिखा है कि मुसलमानों पर रोजे इसलिए फर्ज किए गए हैं ताकि इस खास बरकत वाले रूहानी महीने में उनसे कोई गुनाह नहीं होने पाए। यह खुदाई असर का नतीजा है कि रमजान में लगभग हर मुसलमान इस्लामी नजरिए से खुद को बदलता है और हर तरह से अल्लाह की रहमत पाने की कोशिश करता है।

**- फिरोज अहमद शेख**

# खतरनाक लहरों में 'जहाजरानी' निकालती है रास्ता

-रेणु शर्मा




ये है रेशमा नीलोफर नाहा। भारत की पहली मरीन पायलट है। वे कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट पर काम करती हैं। यहां छह साल से अधिक समय से हैं और इसी साल ट्रेनिंग पूरी करके मरीन पायलट बनी है। पायलट शब्द से आमतौर पर जहन में हवाई जहाज उड़ाने वाले किसी शख्स की तस्वीर उभर आती है लेकिन रेशमा मरीन पायलट है। यानी इनकी अंगुली के इशारे पर ही समुद्र की लहरों में झूलते जहाज को दिशा मिलती है। वे समुद्र की लहरों से टकराते हुए जहाज को पानी में रास्ता दिखाती हैं और समुद्र के बीच संकरे, गहरे, टेढ़े-मेढ़े रास्तों से जहाज को निकालती है। इसी हुनर के कारण रेशमा को जहाजरानी कहा जाता है। जहाजों को बंदरगाह तक पहुंचाने और फिर समुद्र तक बार-बार लाने-ले जाने के कारण ही रेशमा की दोस्ती पानी के बीच बने रास्तों से हो चुकी है। वे मौसम के मिजाज को बारीकी से समझती हैं। मरीन पायलट को बंदरगाह से लेकर समुद्र की एक खास सीमा तक हर रास्ते, स्थितियों और खतरों की जानकारी रखनी होती है। उसके बिना किसी जहाज का बंदरगाह तक पहुंच पाना मुश्किल होता है। मरीन पायलट मालवाहक जहाजों को बंदरगाह पर लंगर डालने और वहां से समुद्र में बंदरगाह की सीमा तक छोडने का काम करता है। रेशमा कहती हैं पहली मरीन पायलट होने से खुशी भी होती है और ये काफी चुनौती भरा भी लगता है। अपने काम से वाकिफ भी हूं लेकिन जब पूरा जहाज आपके भरोसे आगे बढ़ता है तो जिम्मेदारी बहुत बढ़ जाती हैं। एक तरह से जहाज में मौजूद लोगों और पूरे सामान को सही सलामत पहुंचाना उसका कर्म है। रास्ते या मौसम को लेकर एक गलत फैसला बहुत बड़ा नुकसान कर सकता है। रेशमा कहती हैं कि हर बंदरगाह की भौगोलिक स्थितियां अलग-अलग होती हैं. । कहीं पर बंदरगाह तक आते-आते समुद्र नदी में बदल जाता है और रास्ते संकरे हो जाते हैं। कहीं पर पानी ज्यादा तो कहीं कम हो जाता है। कई बार पानी का प्रवाह बहुत बढ़ जाता है। ऐसे में छोटे जहाजों को संभालना बहुत मुश्किल होता है। हर जहाज के बारे में भी आपको पता नहीं होता है। जहाज के कप्तान को समुद्र की जानकारी तो होती है लेकिन उसे हर बंदरगाह की जानकारी नहीं होती। इसलिए वो भी मरीन पायलट पर ही निर्भर रहते है।

## हुगली नदी की स्थितियां मुश्किल भरी

रेशमा कहती हैं कि कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट पर हुगली नदी की स्थितियां भी मुश्किल भरी हैं। यह नदी सागर द्वीप पर समुद्र से मिलती है। वह बताती हैं कि उन्हें बंदरगाह से सागर द्वीप तक जहाज के साथ सफर करना होता है जो करीब 150 नॉटिकल माइल्स ( करीब 300 किमी. ) का रास्ता

## सेलर से लेकर मरीन पायलट



रेशमा चेन्नई की रहने वाली हैं। उन्होंने बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, रांची से संबद्ध एक संस्थान से बीई मरीन टेक्नोलॉजी की डिग्री ली है। इसके बाद रेशमा ने एक कंटेनर शिप्स कंपनी 'मर्स्क' में दो साल काम किया और सेलर सेकेंड ऑफिसर का लाइसेंस लिया। फिर कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट पर मरीन पायलट के लिए आवेदन किया। दरअसल, मरीन पायलट के लिए एक लंबी ट्रेनिंग होती है और अमूमन कप्तान रहने के बाद लोग ये ट्रेनिंग लेना पसंद नहीं करते। वो कहती हैं कि भारतीय नौसेना और मर्चेंट नेवी में महिलाओं की बहुत कमी है। अब धीरे-धीरे वो आगे बढ़ रही हैं। लेकिन, यहां आने के लिए उन्हें शारीरिक मजबूती के अलावा मानसिक मजबूती की भी सख्त जरूरत है। महिलाओं को लेकर क्षेत्र में अभी स्वीकार्यता नहीं है इसलिए उन्हें मानसिक तौर पर तैयार रहना चाहिए।

है। हुगली नदी पर पानी का प्रवाह बहुत तेज होता है। कई बार तो छोटे इंजन वाले जहाजों को पानी उल्टी दिशा में बहा ले जाता है। इस बंदरगाह पर नेवी, कोस्ट गार्ड के जहाज, कार्गो और निजी कंपनियों के मालवाहक जहाज आते-जाते रहते हैं। जहाज के आने के बाद मौसम और नदी के प्रवाह को देखना रेशमा की जिम्मेदारी का एक हिस्सा है। कभी वे दोपहर के दो बजे निकलती हैं तो कभी रात के दो बजे। फिर 8-10 घंटे या पूरा दिन भी जहाज में रहना होता है। अगर बंदरगाह की सीमा तक पहुंचते हुए रात हो गई तो वहां बने स्टेशन पर रुकते हैं और याड्र्स के जरिये वापस आते हैं। मरीन पायलट का काम बंदरगाह और जहाज दोनों पर होता है। कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट पर रेशमा को दो दिन लगातार काम करना होता है और फिर दो दिन छुट्टी होती है। इसी तरह उनकी शिफ्ट लगती है।

## पति मरीन इंजीनियर

रेशमा की शादी हो चुकी है और वो अपने परिवार के साथ कोलकाता में ही रहती हैं। उनके पति मरीन इंजीनियर हैं। वह कहती हैं, मैं उस तरह घर नहीं देख पाती जैसे सामान्य तौर पर बहुओं से उम्मीद होती है लेकिन इससे मेरे परिवार को कोई समस्या नहीं है। अगर घर में आपसी समझ हो तो महिलाओं को आगे बढ़ने में दिक्कत नहीं आएगी।



# पाठक पीठ

### शर्मनाक घटनाएं



उन्नाव व कठुआ की घटनाएं समाज के लिए बेहद शर्मनाक थीं। इस तरह की घटनाएं इसलिए भी शर्मसार करने वाली हैं कि इनमें शामिल लोग कोई आम नहीं बल्कि नेता, अधिकारी और रसूखदार थे। इस घटना को लेकर मई के अंक में प्रकाशित 'न हम बदले न सिस्टम' आलेख समाज की आंखें खोलने वाला था। रेप की घटनाएं कुंठित सोच का पर्याय है। जिसका समाज में कोई वजूद नहीं होना चाहिए।

**सुरेश उपाध्याय**, उद्योगपति

### सारगर्भित सपांदकीय



प्रत्यूष के मई के अंक में सभी लेख रोचक और पठनीय थे लेकिन संपादकीय बहुत अच्छा लगा। यह सच है कि देश में राजनीति का अपराधीकरण समाज के हर एक व्यक्ति और वर्ग के लिए निराशा और चिंता का विषय है। वाकई जब तक राजनीति से अपराधियों, बाहुबलियों, भ्रष्टचारियों और दुष्कर्मियों को अलग कर कानून को सौंप नहीं दिया जाता तब तक सोने की चिड़िया वाले भारत की कल्पना बेमानी है।

**पी.के वर्डिया**, पूर्व निदेशक, खान एवं भू विज्ञान विभाग

### चालक-परिचालक पर निगरानी ज्यादा जरूरी



प्रत्यूष के पिछले अंक में प्रकाशित 'तीसरी आंख की निगरानी समस्या का हल नहीं' डॉ. अर्चना शर्मा का आलेख सटीक था। कैमरे से बच्चों की निगरानी एक खानापूर्ति वाली प्रक्रिया है। जबकि इससे भी ज्यादा आवश्यक है स्कूल बसों के चालक-परिचालक और स्कूल में अवांछित लोगों पर कड़ी नजर रखना। यह इसलिए भी जरूरी है कि मासूमों के साथ अनहोनी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है।

**पारितोष खारोल**, उद्योगपति

### लोकतंत्र में अराजकता को जगह नहीं



प्रत्यूष के मई के अंक में दलित संगठनों द्वारा आहुत बंद को लेकर 'भारत बंद, खुली अराजकता और बरगलाने की राजनीति' आलेख प्रकाशित हुआ। विरोध, प्रदर्शन स्वस्थ्य लोकतंत्र का पोषक है लेकिन विरोध के दौरान स्कूली बसों में बच्चे, एंबुलेंस में मरीजों को रोकना और सडकों पर तोडफ़ोड़ करना गलत है। ऐसी अराजकता के लिए भारतीय लोकतंत्र में कोई जगह नहीं होनी चाहिए।

**दीपक बिलोची**, उद्योगपति

# मिसाल

## पाटनी की हमदर्दी



विमल पाटनी शोक संतप्त परिवार के साथ

**बीकानेर।** बीकानेर में जयपुर रोड स्थित महेंद्रा एंड महेंद्रा कंपनी के समीप 17 अप्रैल की सुबह दो कारों में हुई भिड़ंत में ओमप्रकाश शर्मा (40) और उनके ड्राइवर मेघराज सैनी (29) की मौत हो गई। जबकि ओमप्रकाश पारीक व बुधराम गंभीर रूप से घायल हो गए। ये सभी बीकानेर में आयोजित वंडर सीमेंट की डीलर मीटिंग में भाग लेने जा रहे थे। इधर, इस घटना की सूचना मिलने पर आहत वंडर सीमेंट के मालिक विमल पाटनी न केवल चूरू के मोती का बास निवासी मृतक ओमप्रकाश के घर पहुंचे बल्कि हमदर्दी का अनुकरणीय उदाहरण भी पेश किया। उन्होंने ओमप्रकाश के तीनों बच्चों की शिक्षा का पूरा खर्च उठाने और उनकी पत्नी व बेटी के नाम पांच-पांच लाख की एफडीआर करवाई। इसके बाद वे घायल बुधराम शर्मा के घर खासोली पहुंचे और बुधराम के इलाज का खर्च उठाने के साथ दो लाख रुपए की एफडीआर करवाई। मृतक ड्राइवर मेघराज सैनी की पत्नी को दो लाख रुपए की एफडीआर भेंट की। उन्होंने यह भी घोषणा की कि ओमप्रकाश का परिवार ही चुरू में वंडर सीमेंट की बिक्री का काम देखेगा।


### भूल सुधार

प्रत्यूष के मई 2018 के अंक में पृष्ठ संख्या 36 पर प्रकाशित आलेख की लेखिका का नाम 'प्रेम कुमारी बूंलिया' पढ़ा जाए। असावधानी के लिए खेद है।

# उत्पीड़ित कर्मचारियों का हमदर्द 'चैटबॉट'!

-रक्षा नागदा

ऑफिस में कर्मचारियों के साथ भेदभाव और उत्पीड़न करने वालों की अब खैर नहीं। किसी भी कर्मचारी की शिकायत सुनने के लिए हर ऑफिस में एचआर यानी ह्यूमन रिसोर्सस डिपार्टमेंट होता है। लेकिन वहां से पीड़ित को इंसाफ मिलेगा, इसकी कोई गारंटी नहीं। ये भी हो सकता है आप शिकायत लेकर जाएं भी तो लंबी सुनवाई के बाद समझौते का सुझाव दिया जाए या आपको ही मुजरिम ठहरा दिया जाए। ये भी नहीं कहा जा सकता है कि आपके साथ पीड़ित जैसा बर्ताव ही हो। करीब 2 हजार महिला कर्मचारियों पर किए गए एक रिसर्च के मुताबिक महिलाएं सबसे ज्यादा भेदभाव और उत्पीडन् का शिकार होती हैं। इसमें से कई महिलाएं भेदभाव और उत्पीडन् का सहन करती रहती हैं। निजता से जुड़े इस मामले में अमेरिका में फरवरी में लॉन्च हुआ एक कम्प्यूटर प्रोगाम मदद करेगा। इसको नाम दिया है 'चैटबॉट'। चैटबॉट पीड़ित कर्मचारी का न केवल दुखदर्द समझेगा बल्कि उचित सलाह-मशविरा भी देगा।



## चैटबॉट ऐसे करेगा काम

उदाहरण के तौर पर अगर कोई कर्मचारी ऑफिस में शारीरिक शोषण का शिकार है, तो वो चैटबॉट की मदद ले सकता है। चैटबॉट उससे कुछ सटीक सवाल पूछेगा, जैसे दिन, तारीख, महीना, समय आदि। मिलान के बाद वो इस बात की तस्दीक भी करेगा कि शिकायत सच्ची है या झूठी।

शिकायत सही पाए जाने पर, वो कार्रवाई की सिफारिश करेगा। चैटबॉट से सलाह या मदद ऑफिस के अलावा निजी कंप्यूटर के जरिए भी ली जा सकती है। शिकायत करने वाले के पास अपने पक्ष में अगर कोई सबूत है तो वो भी पेश किया जा सकता है। अगर कोई आपत्तिजनक मैसेज, ई-मेल या तस्वीर है, तो चैटबॉट पर उसे अपलोड किया जा सकता है।

## पीडीएफ में तैयार होगी रिपोर्ट

अगर पीड़ित किसी गवाह का जिक्र करता है तो चैटबॉट गवाह से भी डिटेल रिपोर्ट अपलोड करने को कहेगा। वो आवाज के जरिए कुछ सवाल करेगा और उनके जवाब अपनी मेमोरी में प्रॉसेस करके पीडीएफ फाइल में एक व्यापक रिपोर्ट तैयार करेगा। इस रिपोर्ट में चैटबॉट कुछ सुझाव देगा। साथ ही कानूनी लड़ाई का तरीका भी सुझाएगा।

## कारगर होगा चैटबॉट

'स्पॉट' को ज्यादा एडवांस बनाने की कोशिश भी की जा रही है। इस कंप्यूटर प्रोग्राम पर काम करने वालों का कहना है कि इसमें शिकायतकर्ता की दिमागी हालत समझने और याद रखने के लिए नया ऐप शामिल किया जा रहा है। शिकायत के आधार पर चैटबॉट जो भी रिपोर्ट तैयार करेगा उसे गोपनीय रखा जाएगा। चैटबॉट सारी डिटेल का रिकॉर्ड अपने पास रखेगा।

## लेकिन ये कमियां भी

चैटबॉट बनाने वाले इसके बहुत से फायदे गिनाते हैं। कुछ हद तक ये फायदेमंद है भी लेकिन अच्छाई के साथ इसमें कुछ कमियां भी हैं। जानकार मानते हैं कि स्काइप या मैसेंजर के जरिए भले ही पीड़ित से सवाल-जवाब किए जाते हैं। लेकिन इस इंटरव्यू के नतीजे बिल्कुल सही होंगे कहना मुश्किल है। जब दो इंसानों के बीच बातचीत होती है तो बहुत सी बातें भी निकल कर सामने आती हैं जो मशीन के साथ सवाल-जवाब यानी चैटबॉट के इंटरव्यू में शायद सामने नहीं आ सकतीं। बहरहाल चैटबॉट की खूबियों को पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता। उम्मीद की जा सकती है कि आने वाले समय में ये कंप्यूटर प्रोग्राम बहुत से परेशान हाल कामगारों का हमदर्द बनेगा।





0294-2522108 (ऑफिस)
0294-2416281 (निवास)



भंवरलाल खटीक
एम.डी.
94141-67281

हेमेन्द्र खटीक
डायरेक्टर
9887111453

धर्मेश खटीक
डायरेक्टर
9829511888

# प्रगति रियल मार्ट प्राइवेट लिमिटेड
# भंवर सेवा संस्थान
# स्व. सुशीला देवी खटीक चेरिटेबल ट्रस्ट

7, गुलाबेश्वर मार्ग, गली नम्बर 5, हाथीपोल, उदयपुर (राज.)





2422758 (S)
2410683 (R)




# T-JEWELLERS

**Gold and Silver**
**Ornaments & Silver utensil**

233 A, Bapu Bazar, Udaipur-313001

# पौधे जो बनाएं घर को 'जन्नत'



आज-कल की भागदौड़ भरी जिंदगी में अक्सर हम अपनी सेहत को लेकर काफी चिंतित रहते हैं। स्वस्थ रहने के लिए हम न जाने कितने ही उपाय करते रहते हैं। आसपास के प्रदूषित वातावरण से ये और भी जटिल हो जाता है। स्वच्छ हवा की चाह सभी को है और ये घर में ही मिल जाए तो फिर कहना ही क्या है। पौधे की सुंदरता और उसकी खुबसूरती से जुड़कर रहना जन्नत सा सुकून देता है। कुछ ऐसे पौधे है जो न केवल हमारे घर को सुंदर और आकर्षित बनाकर रखते हैं बल्कि अपनी अनुपम छटा से मनुष्य को तरोताजा रखते हैं। जानें, कुछ ऐसे ही सुंदर दिखने और वातावरण को स्वच्छ बनाने वाले पौधों के बारे में।

## बैंबू, रबर और एलोवेरा



भले ही इनकी गिनती आम पौधों में की जाती हो लेकिन इनका महत्व किसी से कम नहीं है। बात सेहत की हो या सजावट की, इन पौधों का नाम सबसे पहले दिमाग में आता है। बैंबू, रबर और एलोवेरा की अलग-अलग विशेषताएं हैं। बैंबू, इंडोर प्लांट्स में काफी प्रचलित है। एलोवेरा औषधि के रूप में इस्तेमाल किया जाता है और सेहत के लिए रबर प्लांट बेहद फायदेमंद है। इस पौधे को अच्छी धूप की जरूरत होती है।

## चाइनीज एवरग्रीन



आसानी से उगने वाला यह पौधा इंडोर गार्डनिंग के लिए एक अच्छा विकल्प है। इसे न ज्यादा धूप की जरूरत है और न ही रोज-रोज पानी देने की दिक्कत। विभिन्न शेड्स की पत्तियों का यह पौधा इंटीरियर की शोभा को दोगुनी कर देता है।

## मनीप्लांट



तेजी से बढ़ने वाला यह पौधा घर को सुंदर दिखाने और वातावरण को स्वच्छ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। चाहे बोतल में उगाना हो या गमले में, तरीका सरल और एक ही है।

## स्पाइडर प्लांट



यह पौधा शुरुआती दिनों में अपना असर दिखाना शुरू कर देता है। पर्यावरण में मौजूद हानिकारक तत्व जैसे-कार्बन मोनोऑक्साइड, बेंजीन आदि को 90 प्रतिशत तक दूर करता है।

## फिलॉडेंड्रॉन



इस पौधे का इस्तेमाल घर से ज्यादा दफ्तरों में किया जाता है। इसकी दिल के आकार की पत्तियां हवा को ताजा कर देती हैं लेकिन इसके साथ थोड़ी सावधानी बरतना जरूरी है। बच्चों व जानवरों के लिए यह पौधा सुरक्षित नहीं क्योंकि इसकी पत्तियों में कुछ टॉक्सिक तत्व भी होते है, जिसे खाने से बीमारी हो सकती है। अच्छी बात यह है कि कम पानी में भी यह पौधा अपनी ताजगी बनाए रखता है।

**- भावना जैन**



कांतिलाल जैन

(ब्रह्मचारी)



0294-2410444
09414155797 (M)

# श्री नाकोड़ा पार्श्वनाथ ज्योतिष कार्यालय

**हस्तरेखा, तंत्र-मंत्र के प्रसिद्ध जैन साधनानुसार**

## नाकोड़ा रूप भवन

**167, रोड नं. 11, अशोक नगर, माया मिष्ठान के पास, उदयपुर-313001 (राज.)**

मिलने का समय : दोपहर 3 से सायं 7 बजे तक

## नाकोड़ा रूप भवन

Ph: 022-241223857, 093220-90220 (M)

ब्लॉक नं. 10, केलकर बिल्डिंग, नयागांव के.ए. हाउसिंग सोसायटी,
प्लॉट नं. 60-बी.एस.एम. जाधव मार्ग, कृष्णा हॉल के सामने, दादर (ईस्ट) मुम्बई-14

रविवार चौकी एवं आरती

मिलने का समय : दोपहर 3 से सायं 7 बजे तक

**Mahendra Jain**
+91 93527 98887

*With Best Compliments*

**Prateek Jain**
+91 94601 84445

Modern Ayurvedic

# Modern Medical Agency

O/s Delhi Gate, Hummad House, Udaipur - 313001, Ph. : 0294-3292890
E-mail : modern_ayurvedics@yahoo.com



Modern Ayurvedic





# Modern Ayurvidic Centre

Ayurvedic Clinic & Consultancy Services
Ayurvedic Medicines & Herbal Products

**House No. 2 shri niwas, lane no. 3, Durga Nursery Road, Udaipur - 313 001**

# खुश्की में मजा दे ये चुस्की

- बीणा गुप्ता

*गर्मी अपने पूरे तेवर में है। ऐसे में मन करता है कि 'कुछ ठण्डा हो जाए।' ठंडी-मीठी और रंग-बिरंगी चुस्कियां बच्चों से लेकर बड़ों तक को खूब लुभाती हैं। बाज़ार से क्यों लाएं, कुछ चुस्कियां तो घर में ही आसानी से बनाई जा सकती हैं।*

## अनारी चुस्की



सामग्री : अनार के दाने-एक कप, पिसी चीनी-आधा कप, पानी-आधा कप, नींबू का रस-एक बड़ा चम्मच।

विधि : एक चम्मच अनार के दाने छोड़कर बाकी को मिक्सी में पीस लें। बारीक छलनी से छानकर रस अलग कर लें। अब इसमें चीनी, नींबू का रस व आवश्यकतानुसार पानी मिलाकर मिक्सी में पुनः फेटें, तैयार मिश्रण को चुस्की मोल्ड्स में भरकर फ्रीजर में जमने के लिए रख दें। पांच-छह घंटे बाद पूरी तरह जमने पर चुस्की निकालें और अनार के दानों के साथ सर्व करें।

## कैरी मसाला चुस्की

**सामग्री** : कैरी-एक, पोदीने के पत्ते-15 से 20, चीनी-2 बड़े चम्मच, नमक-स्वादानुसार, चाट मसाला-एक बड़ा चम्मच, पोदीने की डंडी-सजाने के लिए।

**विधि** : कैरी को उबाल लें, छीलकर गूदा अलग कर लें, गूदे में पोदीने के पत्ते, नमक व चीनी मिलाकर मिक्सी में पीस लें। लगभग आधा लीटर पानी मिला लें। तैयार मिश्रण को चुस्की के सांचों में भरकर फ्रीजर में रख दें। चार से छह घंटे बाद अच्छी तरह जम जाने पर सांचों से बाहर निकालें। चाट मसाला बुरकें और पोदीने की डंडी से सजाकर सर्व करें।



## खरबूजा-अनार चुस्की




सामग्री : मीठे खरबूजे का गूदा-एक कप, लाल अनार के दाने-एक कप, चीनी-एक बड़ा चम्मच, शहद-एक बड़ा चम्मच, नींबू का रस-एक छोटा चम्मच, पानी-एक कप।

विधि : सारी सामग्री को मिक्सी में डालकर अच्छी तरह से पीस लें। छलनी से छानकर चुस्की मोल्ड्स में भरें और जमने के लिए फ्रीजर में रख दें। तीन-चार घंटे बाद चुस्की अच्छी तरह जम जाएगी। अब इसे बाहर निकालकर खरबूजे के टुकड़ों और अनार के दानों के साथ सर्व करें।


## ब्लैक चुस्की

**सामग्री** : काले अंगूर-250 ग्राम, चीनी-2 बड़े चम्मच, नींबू का रस-एक बड़ा चम्मच, शहद-एक बड़ा चम्मच, नमक-स्वादानुसार, काली मिर्च पाउडर-एक छोटा चम्मच।

**विधि** : अंगूरों को तीन-चार घंटे पानी में पड़े रहने दें, ताकि ये अच्छी तरह साफ हो जाएं। अब इन्हें धोकर जूसर में रस निकाल लें। चीनी, नींबू का रस, शहद, नमक व काली मिर्च मिलाकर मिश्रण का सांचों में भर दें और फ्रीजर में जमने के लिए रख दें। चार-पांच घंटे बाद निकालें और सर्व करें।



## खस-खरबूजा चुस्की



**सामग्री : खरबूजे का गूदा-एक कप, खस सिरप-6 बड़े चम्मच, पिसी चीनी-2 बड़े चम्मच।**

**विधि : खस सिरप और एक बड़ा चम्मच पिसी चीनी को एक कप पानी में अच्छी तरह घोल लें। इस घोल को चुस्की के सांचों में आधा-आधा भरकर फ्रीजर में जमने के लिए रख दें। अब खरबूजे के गूदे को एक कप पानी और बची चीनी के साथ मिलाकर मिक्सी में अच्छी तरह पीस लें। इसे छान कर शर्बत को रख लें। चार-पांच घंटे बाद खस के शर्बत भरे सांचों में इसे भरें और फिर से फ्रीजर में रखें। चार-पांच घंटे बाद निकालें।**

# कैसा रहेगा आपके लिए यह माह ?



पं. शोभालाल शर्मा

## मेष

इस राशि के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ होंगे, शासकीय एवं न्यायिक कार्यों में पूर्ण सफलता तथा मनोनुकूल कार्य पूर्ण होंगे। स्वास्थ्य उत्तम, स्थान परिवर्तन सम्भव, किसी महत्वपूर्ण कार्य में सफलता के लिए भाई-बहिनों का सहयोग प्राप्त होगा।

## वृषभ

माह का पूर्वार्द्ध सकारात्मक परिणाम देगा। दृढ़ निर्णय शक्ति से ही अपने कार्य साध सकेंगे। माह के उत्तरार्द्ध में सन्तान की तरफ से सुकून मिलेगा। परिवार के साथ यात्रा योग बनेगा, स्वास्थ्य सामान्य, जीवन साथी को आकस्मिक शारीरिक पीड़ा संभव, शत्रु पक्ष हावी।

## मिथुन

मौजूदा कशमकश की स्थिति 17 जून के बाद हटेगी। कार्यों में प्रगति आएगी, स्थाई कार्यों को आगे बढ़ाएंगे, व्यय की अधिकता और आय पक्ष कमजोर रहेगा। परिवार वालों से मनमुटाव एवं विरोधाभास, अकस्मात धन लाभ की संभावना, स्वास्थ्य श्रेष्ठ, भाग्य का सहयोग रहेगा।

## कर्क

आय पक्ष सुदृढ़, किन्तु किंकर्तव्यविमूढ़ की स्थिति में रहेंगे। सटीक एवं समय पर निर्णय न ले पाने के कारण भावी योजनाएं अटकेंगी, परिवार में होने वाले मांगलिक कार्यों में खर्च होगा, साझेदारी को टालें, विरोधियों की योजनाएं ध्वस्त होंगी, कर्ज मुक्ति के प्रयास सार्थक होंगे।

## सिंह

माह का उत्तरार्द्ध सकारात्मक परिणाम देने वाला है। शासकीय एवं न्यायिक मामले पक्ष में रहेंगे, परिवार में खुशी का माहौल, सन्तान को नौकरी की तलाश में सफलता पर घर में खुशी रहेगी। पुरुषार्थ के बल पर सभी को अपना बनाने का प्रयत्न करेंगे, आय पक्ष मजबूत है।

## कन्या

मनोत्साह में वृद्धि होगी, नई योजनाएं बनेंगी, भाग्य का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा, व्यापार-धन्धा-नौकरी इत्यादि से पूर्ण रूप से सन्तुष्ट रहेंगे, आय पक्ष प्रभावित रहेगा, अभी के पुरुषार्थ का पूर्ण लाभ भविष्य में मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य, जीवनसाथी से मन्त्रणा कर कार्य करें, लाभ मिलेगा।

## तुला

अतिआवश्यक कार्य 8 जून से पूर्व सम्पन्न कर लेवें, इसके बाद अड़चन की संभावना। अकारण आरोप-प्रत्यारोप लगने की संभावना, किन्तु मान-सम्मान में वृद्धि होगी। पारितोषिक से सम्मानित हो सकते हैं। भाग्य साथ देगा, आय पक्ष प्रभावित करेगा, स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

## वृश्चिक

अकारण वाद-विवाद में उलझने की और प्रतिकूल परिणाम मिलने की संभावना है। स्वभाव में शुष्कता, आय पक्ष अनुकूल, खर्चों में कमी परन्तु अतिमहत्वाकांक्षा दुखदायी रहेगी। स्वास्थ्य एवं सन्तान पक्ष सामान्य।

## धनु

**धनु :** बड़ों के परामर्श से व्यवस्थाओं को सम्पादित करेंगे, दूरगामी परिणाम श्रेष्ठ रहेंगे, आय पक्ष मजबूत, सहयोग की भावना लाभ देगी, सावधानी से कार्य करें दुर्घटना की संभावना, व्यवसायिक उलझनें रहेंगी, स्वास्थ्य उत्तम, जीवनसाथी से पूर्ण सहयोग मिलेगा।

## मकर

माह का पूर्वार्द्ध अच्छे परिणाम देगा, स्वयं के मनोविकार से परिवार में कलह एवं भय का वातावरण बनेगा, जीवनसाथी से विवाद रहेगा, अटके हुए शासकीय एवं राजकीय कार्यों को गति मिलेगी। सन्तान की ओर से शुभ समाचार, कमर के निचले भाग में कष्ट या रोग उभरने की संभावना।

## कुम्भ

भाग्य साथ देगा, भौतिक साधनों में वृद्धि, सन्तान की ओर से चिन्ता मुक्ति, कार्य क्षेत्र में उलझनें बनी रहेगी, आय पक्ष सामान्य, पैतृक सम्पत्ति विवाद पक्ष में सुलझने की संभावना, ननिहाल पक्ष से कुछ मामलों पर विरोधाभास, स्वजनों से विरोध का सामना करना पड़ सकता है।

## मीन

पराक्रम में वृद्धि होगी, भाई-बहिनों का अच्छा सहयोग प्राप्त होगा, बेरोजगार लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, विदेश यात्रा के योग, व्यापार-काम धंधे में शनै-शनै उन्नति, वाणी में उग्रता धैर्य आवश्यक, अपने निकटस्थ लोगों से मनमुटाव सम्भव।




# गीतांजली राज्य का पहला एनबीएच हॉस्पिटल



प्रमाण पत्र प्राप्त करते जे.पी अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, अंकित अग्रवाल एवं अन्य।

**उदयपुर।** गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, उदयपुर एनबीएच से मान्यता के साथ ही संपूर्ण राजस्थान का पहला मेडिकल कॉलेज एवं मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल बन गया है। जिसके तहत 5 मई को गीतांजलि ऑडिटोरियम एनएबीएच ट्रायम्फ अटेनमेंट सेरेमनी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि डायरेक्टर जनरल एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर ऑफ इंडिया (एएचपीआई) के डॉ. गिरधर ज्ञानी थे। विशिष्ट अतिथि गीतांजलि ग्रुप के चेयरमैन जेपी अग्रवाल, वाइस चेयरमैन गीतांजली ग्रुप कपिल अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक अंकित अग्रवाल, वाइस चांसलर गीतांजली यूनिवर्सिटी डॉ. आर के नाहर, डीन गीतांजली मेडिकल कॉलेज डॉ. एफएस मेहता एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल डॉ. किशोरी पुजारी थे। डॉ. गिरधर ज्ञानी ने जेपी अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, डॉ. आरके नाहर, डॉ. एफएस मेहता, डॉ. किशोर पुजारी, सुकांता दास को एनबीएच का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## इंदिरा आईवीएफ का 40वां सेंटर मुंबई में शुरू

**उदयपुर।** इन्दिरा आईवीएफ हॉस्पिटल प्रा. लि. की ओर से मुंबई में 40वें सेंटर का शुभारम्भ गत दिनों हुआ। इससे पूर्व लुधियाना में सेंटर उद्घाटित किए गए। नि:संतान दम्पतियों को रियायती दरों पर कुशल इलाज उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से ये सेंटर खोले गए हैं।



देश में 40वें और मुंबई में तीसरे सेंटर का उद्घाटन करते डॉ. अजय मुर्डिया व इंदिरा मुर्डिया

इन्दिरा आईवीएफ ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अजय मुर्डिया ने बताया कि हर आठ में से एक दम्पती नि:संतानता की समस्या से परेशान है। सही समय पर परामर्श, जांच और इलाज कराने से नि:संतान दम्पती को संतान प्राप्त हो सकती हैं।

## कौशिक को पर्सन ऑफ द ईयर अवार्ड




**उदयपुर।** हिन्दुस्तान जिंक के हैड कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन पवन कौशिक को इंडिया सीएसआर लीडरशिप समिट ने सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान 'बी सैफ' के लिए 'सीएसआर पर्सन ऑफ द ईयर अवार्ड' दिया गया है। उन्हें मुख्य अतिथि डॉ. भास्कर चटर्जी, पूर्व सीईओ-इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स, नई दिल्ली ने सम्मान प्रदान किया।

## स्कूल बैग वितरण

**उदयपुर।** बी. चौधरी मेमोरियल श्रमिक केन्द्र राजस्थान ट्रस्ट की ओर से विद्यार्थियों को बैग का वितरण किया गया। हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड वर्कर फैडरेशन के प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने बताया कि ट्रस्ट अध्यक्ष यू. एम. शंकरदास एवं ट्रस्ट के सचिव के. एस. शक्तावत, मांगीलाल अहीर एवं के.जी. पालीवाल ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, मोरवाणिया, उदयपुर के कक्षा 1 से 8 तक के प्रत्येक विद्यार्थियों को बैग वितरित किये।



## पूर्णिमा गांगुली सम्मानित



अवार्ड प्राप्त करती पूर्णिमा गांगुली

**उदयपुर।** सनबीम स्कूल, आयड़ की प्रधानाचार्य पूर्णिमा गांगुली को अलर्ट नॉलेज सर्विस फाउण्डेशन ने सौ हाईली इफेक्टिव प्रिंसिपल अवार्ड 2017 से सम्मानित किया। गांगुली को यह यह सम्मान 22 अप्रेल को दिल्ली में हुए कार्यक्रम में प्रदान किया गया।

## अनिता गर्ग को पीएचडी



**उदयपुर।** पेसिफिक विश्वविद्यालय, उदयपुर ने अनिता गर्ग को उदयपुर में संचालित सरकारी एवं निजी महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षण कर्मचारियों की नौकरी से संतुष्टि विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। अनिता ने अपना शोध सहायक प्राध्यापक डॉ. धर्मेश मोटवानी के निर्देशन में पूर्ण किया।

## आनन्द वृद्धाश्रम का उद्घाटन



वृद्धाश्रम का उद्घाटन करते पद्मश्री कैलाश मानव।

**उदयपुर।** तारा संस्थान, उदयपुर द्वारा हिरणमगरी, सेक्टर 14 में वृद्धजनों के आवास हेतु एक वृहद वृद्धाश्रम का निर्माण किया गया है। जिसमें 150 वृद्धजनों को सर्व-सुविधायुक्त नि:शुल्क आवास उपलब्ध होंगे। नारायण सेवा संस्थान के संस्थापक पद्मश्री कैलाश मानव व कमला देवी अग्रवाल के सान्निध्य में गत दिनों उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ। तारा संस्थान की संस्थापक कल्पना गोयल ने बताया कि मुख्य अतिथि दिल्ली के एन. पी. भार्गव, सत्यभूषण जैन, आर. के. जैन, कुसुम गुप्ता, मुम्बई से लता भाटिया, रेणु छाबड़िया, फरीदाबाद से मोहन सिंह भाटिया, कोटा से महेन्द्र कुमार तथा कोलकाता से रेवतमल सुराणा थे।

## ऑरा स्किन एण्ड हेयर क्लिनिक का शुभारंभ



**उदयपुर।** सरदारपुरा में गत दिनों ऑरा स्कीन एण्ड हेयर क्लिनिक का उद्घाटन हुआ। क्लिनिक के प्रबन्ध निदेशक एवं चर्म रोग व हेयर ट्रांसप्लान्ट विशेषज्ञ डॉ. निधीश अग्रवाल ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में बालों को लेकर लोगों में काफी जागरूकता आई है। पूर्व में सेलिब्रिटी या गिने-चुने लोग ही हेयर ट्रांसप्लांट कराते थे लेकिन अब यह प्रचलन आम हो चुका है। जहां हेयर ट्रांसप्लान्ट की कीमतों में काफी कमी आई है वहीं इसके रिजल्ट भी बहुत अच्छे मिलने लगे हैं। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि मधुमेह एवं किडनी रोगियों को छोड़ कर 55 वर्षों तक के व्यक्ति का हेयर ट्रांसप्लान्ट किया जा सकता है।

## नारद जयंती पर धीरेन्द्र सम्मानित



सम्मान प्राप्त करते धीरेन्द्र जोशी

**उदयपुर।** आद्य संवाददाता देवर्षि नारद जयंती पर विश्व संवाद केन्द्र की ओर राजस्थान साहित्य अकादमी सभागार में पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता आर्गेनाइजर पत्रिका के सम्पादक प्रफुल्ल केतकर, विशिष्ट अतिथि डॉ. इंदुशेखर तत्पुरुष थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जितेन्द्र कुमार तायलिया ने की। कार्यक्रम में धीरेन्द्र जोशी सहित तीन पत्रकारों का सम्मान किया गया।

## लाडिया अंतरराष्ट्रीय निदेशक निर्वाचित



**उदयपुर।** लायंस क्लब के इन्दौर में आयोजित बहुप्रान्तीय सम्मेलन में उद्योगपति वी. के. लाडिया अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक पद पर विजयी घोषित किए गए। सम्मेलन में राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ के दो हजार से ज्यादा सदस्यों ने हिस्सा लिया। बहुप्रान्तीय अध्यक्ष अरविन्द चतुर ने लाडिया के विजयी होने की घोषणा की। इस दौरान प्रान्तपाल डॉ. चौधरी, डॉ. आलोक व्यास, पूर्व प्रान्तपाल आर. एल. कुणावत, अनिल नाहर, संजय भण्डारी भी उपस्थित थे।

# कोटड़ी में चारभुजा नाथ मन्दिर की पुर्णाहुति

**भीलवाड़ा।** कोटड़ी में गुर्जर समाज द्वारा निर्मित चारभुजा नाथ मन्दिर का पूर्णाहुति महोत्सव 5 से 13 मई 2018 तक हर्षोल्लास से मनाया गया। इस आयोजन में 108 कुण्डीय महायज्ञ के साथ निज मन्दिर शिखर पर स्वर्ण कलश चढ़ाया गया। कलश स्थापना समारोह में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट ने भी शिरकत की।

इस भक्ति महोत्सव को श्री खड़ेश्वरी महाराज, श्री रामदयाल महाराज, सुरेश दास, निर्मलराम, बलदेवदास, दिनेशगिरी, बाबा गुरुचरण, बालकानन्द, मंगलदास,



प्रेमदास, चिड़ियादास, दयालनाथ, प्रेमनाथ, सावतराम भगत आदि सन्तों का सान्निध्य प्राप्त हुआ। यज्ञाचार्य राधेश्याम तिवाड़ी व डॉ. बद्रीनारायण पंचोली थे। विधायक व मन्दिर निर्माण कमेटी के संरक्षक धीरज गुर्जर ने बताया कि 18 साल पहले शुरू हुआ मन्दिर निर्माण का यह भव्य मिशन सबके सहयोग से अब सम्पन्न हुआ है।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री गजेन्द्र सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामपाल शर्मा, पूर्व विधायक हगामी लाल मेवाड़ा, पूर्व अध्यक्ष अनिल डांगी, जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश शर्मा, महावीर मोची, छोगालाल गुर्जर, गजमल जाट, सत्यनारायण जोशी, रामकुमार मीणा, लादूलाल गुर्जर, जैनादेवी गुर्जर, महेश सोनी आदि भी उपस्थित थे।

## भाणावत को जीनियस कलेक्टर ऑफ इयर अवार्ड

**उदयपुर।** मेवाड़ फिलैटली सोसायटी के विनय भाणावत को जीनियस कलेक्टर




ऑफ द इयर से सम्मानित किया गया है। भाणावत को यह सम्मान जीनियस फाउंडेशन एवं वर्ल्ड रिकॉर्ड्स इंडिया के विशाला हेरिटेज अहमदाबाद (गुजरात) में हुए समारोह में फिल्म अभिनेता मनोज जोशी ने दिया। समारोह में देशभर के 50 वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर को विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

## फोर्ड की नई कार फ्रीस्टाइल लांच



**उदयपुर।** फोर्ड इण्डिया प्रा. लि. के डीलर के एस फोर्ड में फोर्ड की नई कार फ्री स्टाइल पिछले दिनों लांच की गई। फोर्ड इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर अनुराग मेहरोत्रा ने बताया कि कार हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है। निदेशक सुनील कुमार परिहार ने बताया कि कार में 1.5 टीडीसीआई डीजल इंजन के साथ ही 1.2 पेट्रोल इंजन भी लांच किया है। आकाश परिहार ने बताया कि कार छह रंगों में उपलब्ध है। महाप्रबंधक हिम्मत सिंह देवड़ा ने बताया कि कार की एक्स शोरूम कीमत 5 लाख 9 हजार रुपए से लेकर 7 लाख 89 हजार रुपए तक है। कार डिस्प्ले व टेस्ट ड्राइव के लिए उदयपुर शोरूम में उपलब्ध है।

## सिविल सर्विसेज में जैन समाज आगे आए : मोगरा





**उदयपुर।** जैन सोशल ग्रुप का उमंग उत्सव पिछले दिनों सिद्धि विनायक वाटिका, शोभागपुरा में हुआ। मुख्य अतिथि के एस मोगरा ने कहा कि किसी समय सिविल सर्विसेज में जैन समाज का प्रभुत्व था, लेकिन आज इसमें काफी पिछड़ गया है। समाज को वापस इन सेवाओं में आगे आने का प्रयास करना होगा। अध्यक्षता जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन मेवाड़ रीजन के चेयरमैन ओ पी गहलोत ने की।

## गुप्ता पांचवी बार बने अध्यक्ष

**डूंगरपुर( प्रब्यू )।** चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष पद के लिए पिछले दिनों हुए



चुनाव में के. के. गुप्ता पांचवी बार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। नई कार्यकारिणी में सुबोध सरैया संयोजक, रोशन दोशी, डी. के. खेड़ा, पवन दोशी व दिलीप नागदा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजेश डेण्डू कोषाध्यक्ष तथा प्रभुलाल पटेल को महामंत्री मनोनीत किया गया है। व्यापारियों ने निर्वाचन स्थल से गुप्ता के आवास तक विजय जुलूस निकाला।

# नेशनल क्विज में जीता सेंट एन्थोनीज



**उदयपुर।** जेईसी आरसी यूनिवर्सिटी जयपुर में इसरो साइंस एक्जिबिशन की ओर से आयोजित नेशनल क्विज में सेंट एन्थोनीज स्कूल के विद्यार्थी विजेता रहे। मीडिया प्रभारी विकास साहू ने बताया कि प्रतियोगिता में देशभर से 1500 टीमों ने हिस्सा लिया। करन कोठारी, जयदेवसिंह, भव्य पंड्या व मेघ शाह की टीम विजेता रही, जिसे 21 हजार का पुरस्कार प्रदान किया गया। प्राचार्य विलियम डिसूजा ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी।

# डॉ. सुजान सिंह का सम्मान



वर्ल्ड रेड क्रॉस डे पर सम्मान प्राप्त करते डॉ. सुजानसिंह छाबड़ा।

**उदयपुर।** वर्ल्ड रेड क्रॉस डे पर समाजसेवी डॉ. सुजान सिंह को वरिष्ठ नागरिक परिषद ने सम्मानित किया। डॉ. सुजान सिंह वर्ष 1953 से इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी तथा सेंट जॉन एंबुलेंस एसोसिएशन के सदस्य हैं। उन्हें उत्तरप्रदेश सरकार की ओर से भी सम्मानित किया जा चुका है।

# बजाज अध्यक्ष, चुग महासचिव



जगदीश बजाज व राजेश चुग

**उदयपुर।** सिंधी धर्मशाला एसोसिएशन के हुए चुनाव में अध्यक्ष जगदीश बजाज एवं महासचिव राजेश चुग निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी भागचंद खथुरिया ने बताया कि इस दौरान संरक्षक हीरानंद सिधवानी, मनोहर गुरानी, हरीश नैनानी, रमेश खथुरिया, किशन वाधवानी, हरीश सिंधवानी, सुदामामल, ओमप्रकाश आहुजा, मुकेश खुबचंदानी तथा पुरुषोत्तम लीलानी मौजूद थे।

## आंचलिया अध्यक्ष निर्वाचित



**उदयपुर।** श्री वर्द्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संस्थान, हिरणमगरी, सेक्टर 4 की कार्यकारिणी के चुनाव संस्थान अध्यक्ष मन्नालाल सामर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए, जिसमें यशवंत आंचलिया को अध्यक्ष चुना गया। चुनाव संयोजक (मंत्री) दिनेश कंठालिया ने बताया कि सुरेश कुमार बोहरा उपाध्यक्ष, प्रकाशचंद चंडालिया मंत्री, अशोक कुमार बया सहमंत्री, प्रकाशमल दक कोषाध्यक्ष निर्वाचित किये गये।

# विजन-2030 को ध्यान में रखते हुए कार्य करें



**उदयपुर।** राजस्थान विद्यापीठ ऐसी कृति है, जिसे प्रचार-प्रसार की आवश्यकता नहीं है। यह तो एक मौन साधक की तरह है जो अपनी अलग ही पहचान बनाये हुए है। यह विचार हाल ही में राजस्थान विद्यापीठ की ओर से विद्यापीठ-2030 विषयक पर आयोजित परिचर्चा में मुख्य अतिथि जयनारायण व्यास विवि जोधपुर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. लोकेश शेखावत ने व्यक्त किए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि विद्यापीठ को आगामी 10 वर्षों को ध्यान में रखते हुए टीचिंग रिसर्च, एक्सटेंशन में योजनाएं बनानी चाहिए। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. एसएस सारंगदेवोत ने कहा कि भविष्य के विजन एवं सोच के बिना किसी भी कार्य को मंजिल तक नहीं पहुंचाया जा सकता। कवि किशन दाधीच व मगध विवि के पूर्व कुलपति प्रो. बी एन पाण्डेय ने भी विचार व्यक्त किये।

# यू.के. में श्रेया घोषाल शो



कार्यक्रम से पूर्व श्रेया का स्वागत करते प्रशांत अग्रवाल

**उदयपुर।** यू.के. के विभिन्न शहरों में भारतीय फिल्मों की प्रसिद्ध पार्श्व गायिका श्रेया घोषाल ने गीतों की प्रस्तुतियां दी। टीएलसी इवेन्ट, रॉक ऑन एवं स्टार प्लस के साथ नारायण सेवा संस्थान ने चेरिटी पार्टनर के रूप में सहभागिता दी।

नारायण सेवा संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने लिसिस्टर कार्यक्रम में उपस्थित श्रोताओं को सम्बोधित करते हुए जन्मजात दिव्यांगजन की नि:शुल्क शल्य चिकित्सा, प्रशिक्षण एवं पुनर्वास सम्बन्धी संस्थान की 32 वर्षीय सेवायात्रा की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से दिव्यांगजन के सशक्तिकरण की दिशा में मदद मिलेगी। संस्थान के सेवा प्रकल्पों की डोक्यूमेंट्री का भी प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में डेढ़ हजार से अधिक भारतीय प्रवासियों ने हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषाओं के गीतों का खूब आनंद लिया।

# मारू व राठौड़ को उत्कृष्ट सेवा सम्मान



कटारिया व प्रो. शर्मा से सम्मान प्राप्त करते डी.सी. मारू।

**उदयपुर।** खान एवं भू विज्ञान विभाग के निदेशक डी एस मारु और सीटीएई के डीन डॉ. एसएस राठौड़ को खनन विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए प्रेसीडेंट उत्कृष्ट सेवा सम्मान प्रदान किया गया। गृहमंत्री गुलाबचंद कटारिया व महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. उमाशंकर शर्मा ने दोनों को सम्मानित किया। माइनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरूण कोठारी ने बताया कि सीटीएई के खनन इंजीनियरिंग के छात्र अहमद मंसूरी को बेस्ट स्टूडेंट का सम्मान दिया गया। सम्मान स्वरूप 21 हजार रुपए नकद राशि और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।

## चन्द्रकला को नर्सिंग सेवा अवार्ड

**उदयपुर।** ग्राम पंचायत डबोक के उपस्वास्थ्य केन्द्र ओरड़ी में सेवारत प्रसाविका (एएनएम) चन्द्रकला नागदा को राष्ट्र स्तर पर बेस्ट नर्सिंग सेवा अवार्ड से सम्मानित किया गया। नर्सिंग दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित समारोह में उपराष्ट्रपति वैंकेया नायडू ने चन्द्रकला को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान राशि प्रदान की। एएनएम का डबोक एयरपोर्ट पर राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन की ओर से अभिनन्दन किया गया। राष्ट्र स्तर पर सम्मानित होने के बाद जयपुर में भी चन्द्रकला को इस उपलब्धि के लिए स्वास्थ्य मंत्री कालीचरण सर्राफ ने भी सम्मानित किया।



चंद्रकला को पुरस्कृत करते उपराष्ट्रपति

## एशेज ट्रॉफी वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज



**उदयपुर।** शहर के ख्यातनाम स्वर्ण शिल्पकार इकबाल सक्का द्वारा बनाई सबसे छोटी एशेज ट्रॉफी इन्टरनेशनल वंडर बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज हुई है। सूक्ष्मदर्शी लेंस की सहायता से देखी जाने वाली 3 मिमी ऊंची व 100 मिलीग्राम वजनी स्वर्ण निर्मित क्रिकेट एशेज ट्रॉफी वंडर बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज होने पर प्रेसिडेन्ट डॉ. नीलम द्वारा प्रमाण पत्र, गोल्ड मेडल व बेच भारतीय कार्यालय हैदराबाद से जारी किया गया।

## शोक समाचार

# दिलीप सुखाड़िया का निधन



**उदयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री मोहनलाल सुखाड़िया के पुत्र दिलीप सुखाड़िया(68) का 5 मई को असामयिक निधन हो गया। वे अस्पताल में करीब सप्ताह भर उपचाराधीन रहे। दिलीप सुखाड़िया परिवार में व्यथित हृदय पत्नी नीलिमा सुखाड़िया, एकमात्र पुत्री कामायनी, भाई-भतीजे अरूण व दीपक तथा दोहित्र नमन व रूद्र सहित समृद्ध परिवार छोड़ गए हैं। अन्तिम संस्कार 6 मई को प्रात: अशोक नगर मोक्षधाम पर किया गया। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, गृहमंत्री गुलाबचन्द कटारिया, पूर्व विधानसभाध्यक्ष शांतिलाल चपलोत, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास, पूर्व सांसद रघुवीर सिंह मीणा, पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह जाड़ावत सहित शहर और संभाग के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्त्ता तथा अन्य राजनैतिक दलों के नेता-कार्यकर्त्ता मौजूद थे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट की ओर से पार्थिव देह पर पुष्प चक्र अर्पित किया गया। दुर्गा नर्सरी रोड स्थित आशीर्वाद हाउस में 7 मई को सम्पन्न उठावणा में पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सी. पी. जोशी ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। ओटोमोबाइल्स उद्यमी दिलीप अपने राजनीतिक कॅरियर में किसी पद पर नहीं रहे। हालांकि वर्ष 1982 में यूथ कांग्रेस उपाध्यक्ष, इसके बाद दो बार पीसीसी और शहर कांग्रेस कमेटी में सदस्य रहे। उन्हें वर्ष 2000 में दिल्ली की तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी पुरस्कार प्रदान किया था। मां इन्दुबाला सुखाड़िया सांसद रहीं और पत्नी नीलिमा सुखाड़िया शहर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रह चुकी हैं।



उदयपुर। समाजसेवी **श्री शिवचरण जी माहेश्वरी** का 1 मई, 2018 को देवलोकगमन हो गया। वे 90 वर्ष के थे। वे अपने पीछे व्यथित हृदय धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी, पुत्र सीए रमेशचन्द्र, सीए हरीशचन्द्र व अशोक माहेश्वरी तथा पुत्रियां चन्द्रकांता लड्ढा व संगीता देवपुरा तथा पौत्र-पौत्रियाँ दोहित्र-दोहित्रियों सहित सम्पन्न व वृहद परिवार छोड़ गए हैं।



**चुरू।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव डॉ. अजीत सिंह शेखावत की मातुश्री **श्रीमती प्रेम कंवरजी** (धर्मपत्नी स्व. पृथ्वीसिंह जी टकणेत) का 9 मई, 2018 को देहावसान हो गया। वे अपने पीछे पुत्र डॉ. अजीत सिंह, प्रताप सिंह व कमल सिंह सहित भाई-भतीजों एवं पौत्र-पौत्रियों का समृद्ध परिवार छोड़ गई हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, डॉ. सी. पी. जोशी व कांग्रेस के अन्य नेताओं ने माताजी के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

# कई रियायतों के साथ स्कूल एवं छात्रावास में प्रवेश प्रारम्भ
(वर्ष 2018–19 हेतु)

- ऐसे विद्यार्थी जिनके पिता की मृत्यू हो गई एवं परिवार की आय 2 लाख से कम–50% छात्रवृति।
- ऐसे विद्यार्थी जिनके माता और पिता दोनो की मृत्यु हो गई एवं परिवार की आय 2 लाख से कम–75% छात्रवृति।
- 10वीं कक्षा मे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विधार्थियों को कॉमर्स एवं विज्ञान में 11 वीं कक्षा में प्रवेश पर–50% छात्रवृति, 70% अंक पर 75% छात्रवृति 80% अंक पर 90% छात्रवृति प्रदान की जायेगी।
- 2 या अधिक भाई–बहन के प्रवेश पर 25% छात्रवृति।
- शहर में ट्रांसपोर्ट वाहन शुल्क मात्र 400 रुपये।
- आर.टी.ई. के अन्तर्गत निः शुल्क शिक्षा का प्रावधान।
- नोट :– उपरोक्त में से कोई भी एक छूट प्राप्त कर सकेंगे।
- छात्रावास ट्यूशन, वार्षिकोत्सव, शैक्षणिक भ्रमण, खेलकूद व्यवस्था एवं प्रत्येक छात्र को जन्मदिन पर उपहार–निःशुल्क।




- छात्रावास ₹38,000 के बजाय ₹28,000 प्रति सत्र, ₹10,000 की छूट।
- श्रीमती सुन्दर देवी कोठारी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आधी कीमत पर पुस्तके उपलब्ध।
- टी.एन. स्कूल में एक बार निर्धारित फीस के अलावा वर्ष के बीच में कभी भी कोई पैसा नहीं लिया जाता है। चेरीटेबल संस्थान होने से सारा व्यय संस्था करती है।

## अन्य गतिविधियाँ

पढ़ाई के साथ साथ सह शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ, आकर्षक हरे भरे विशाल परिसर में खेलकूद एवं व्यायाम, जिम्नेजियम, स्वीमिंग पूल,स्मार्ट क्लासेज, योग व जिम्नास्टिक सेंटर, अपेक्षित प्ले ग्राउंड, थिएटर, समस्त सुविधा युक्त प्रयोगशाला में जीवन–विज्ञान एवं प्रेक्षा ध्यान प्रशिक्षण, मेडिटेशन हॉल, म्यूजिक कक्ष, रसायन विज्ञान लेब, भौतिक विज्ञान लेब, जीव विज्ञान लेब, कम्प्यूटर लेब, मनोवैज्ञानिक तरीके से अध्ययन, नर्सरी कक्षा तक बच्चों को होमवर्क और बैग के बोझ से मुक्ति, दशनीर्य स्थल भ्रमण तथा मनोरंजन की सब कुछ नि शुल्क सुविधाएं हैं।

**वार्षिक हॉस्टल फीस**
(रहने, खाने–पीने के साथ)
मात्र ₹ 28,000/–
**डे–बोर्डिंग**
₹15000/– प्रतिवर्ष
**हॉस्टल प्रवेश शुल्क ₹ 2500/–**

**वाहन शुल्क**
मात्र
**₹ 400/–**

**वार्षिक स्कूल फीस**

| | |
|---|---|
| प्ले ग्रुप से एच.के.जी ₹10400/– | कक्षा 1 से 5 तक ₹13900/– |
| कक्षा 6 से 10 तक ₹17200/– | कक्षा 11 एवं 12: वाणिज्य ₹21000/– विज्ञान वर्ग ₹23500/– |

**स्कूल प्रवेश शुल्क ₹1000/–**

**फीस आसान किश्तों में जमा कराने की सुविधा**

अन्य व्यय – पुस्तकें, पौशाक छात्रावास प्रवेश शुल्क आदि हेतु विद्यालय से जानकारी प्राप्त करें।

**आप स्वयं स्कूल में पधाकर कर उच्च श्रेणी की व्यवस्थाओं का अवलोकन करें एवं अपने बालकों को प्रवेश दिलाकर इस सुविधा का लाभ उठावें। कृपया सूचित रहे कि स्कूल के नाम से कोई भी व्यक्ति नकद राशि प्राप्त करने हेतु अधिकृत नहीं है।**

सम्पर्क करें – प्रिंसीपल

TNRS Udaipur Excellence in Education

# टी.एन. रेज़िडेंशियल स्कूल, उदयपुर

महावीर नगर, हिरण मगरी, सेक्टर 4, उदयपुर–313002 (राज.)
मोबाईल : 93144 60109, 93092 41757, 6376163312, 6376142194 फोन : 0294–2461250
E-mail : tnrsudaipur@gmail.com, yashwantskothari@gmail.com Web : www.tnrs.in

| गणेश डागलिया | डॉ. यशवंत कोठारी | अरूण कोठारी | सवाईलाल पोखरना | जवेरचन्द जैन | डी.पी. धाकड़ |
|---|---|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | फाउण्डर चेयरमेन | का.का. अध्यक्ष | उपाध्यक्ष | कोषाध्यक्ष | सह सचिव |
| तुलसी निकेतन समिति | तुलसी निकेतन रेजिडेंशियल स्कूल | तुलसी निकेतन समिति | तुलसी निकेतन समिति | तुलसी निकेतन समिति | तुलसी निकेतन समिति |

*An Investment in knowledge pays the best interest.*


FROM
NISSAN
WITH PRIDE
WE WIN
YOU WIN
DATSUN redi-GO - Small Car of the Year 2017
redi-GO
redi-GO
CaR
OF THE
YEAR
NDTV
carandbike
awards
2017
₹2.39 LAC*
ONWARDS
CALL US ON 1800 209 3456
www.datsun.co.in |
DATSUN
Break Through
NIDHI KAMAL NISSAN
DATSUN redi-GO
NIDHI KAMAL COMPANY, PRIVATE LIMITED
E 78, MEWAR INDUSTRIAL AREA, ROAD NO. 1, MADRI, UDAIPUR-313003
PHONE N0:-294-2490211, CONTACT NO. 8094015886
BANSWARA- 08094111179, CHITTORGARH-8094015898
EMAIL:- sales@nidhikamalnissan.co.in


JK Cement LTD.

# JK SUPER™
## CEMENT

## BUILD SAFE




VIJAYSTAMBH


जम्बो टायर
जम्बो मुनाफा
SCV के लिए खास टायर : जम्बो किंग
ज्यादा रबड़ और ज्यादा बड़ा टायर यानी ज्यादा मुनाफा
JUMBO KING
JUMBO ACE
JK TYRE
TOTAL CONTROL
टायर साइज उपलब्ध : 165 D 12, 165 D 13, 165 D 14, 175 D 14, 185 D 14